26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बृहस्पतिवार, 26 मार्च, 2026
अंक- 150 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# दादरी से अखिलेश यादव बढ़ाएंगे यूपी का 'पारा'

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। मौसम में आये बदलाव के चलते जिस तरह से तापमान बदल रहा है, उसी हिसाब से वर्ष 2027 में होने वाले उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पारा भी बदल रहा है। एक ओर जहां 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन अवसर पर विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, वहीं अगले ही दिन 29 मार्च को समाजवादी पार्टी ( सपा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दादरी में 'समाजवादी समानता भाईचारा रैली' के जरिए चुनावी बिगुल फूकेंगे।**



अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने चुनावी तैयारियों की औपचारिक शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में पार्टी की यह रैली 2027 के लिए सपा की रणनीतिक शुरुआत मानी जा रही है। पार्टी यहां से पश्चिमी यूपी में जाट व गुर्जर समीकरण को साधने की कोशिश में है।

पार्टी की तरफ से इस बार दादरी से चुनावी बिगुल फुके जाने को लेकर राजनीतिक जानकारों का कहना है कि पश्चिमी यूपी के कई जिलों गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर और बागपत में भारतीय जनता पार्टी का मजबूत आधार बना हुआ है। साथ ही राष्ट्रीय लोकदल के साथ होने से भाजपा काफी मजबूत स्थिति में है। साथ ही जाट व गुर्जर वोट बैंक भाजपा के माने जाते हैं। लेकिन सत्ता और संगठन में पर्याप्त भागीदारी न मिलने से गुर्जर भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं।

ऐसे में गुर्जरों की नाराजगी का फायदा उठाने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की तीसरी बड़ी पार्टी समाजवादी पार्टी का फोकस गुर्जर समुदाय के वोटबैंक पर है। इसी क्रम में अखिलेश यादव ने पिछले साल दिल्ली से गुर्जर चौपाल का आगाज किया था, जिसकी कमान पार्टी प्रवक्ता राजकुमार भाटी को सौंपी गई थी।

वहीं पार्टी इस बार अपने पारंपरिक पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समीकरण के साथ जाट और गुर्जर मतदाताओं को भी जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। दादरी और आसपास के क्षेत्रों में इन समुदायों की प्रभावी मौजूदगी को देखते हुए इसे अभियान का शुरुआती मंच चुना गया है। पार्टी की तरफ से दादरी रैली को सफल बनाने के लिए आसपास के जिलों के संगठन को सक्रिय किया गया है। पार्टी का लक्ष्य बड़ी भीड़ जुटाकर वर्ष 2027 के चुनाव को लेकर मतदाताओं के बीच राजनीतिक संदेश देना है कि इस बार प्रदेश में सपा की सरकार बन रही है।

## माफिया अतीक की करोड़ों रुपए की ज़मीन पर अवैध प्लाटिंग को लेकर चला बुल्डोजर

**प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में योगी सरकार नें ऑपरेशन मफिया चला कर अतीक अहमद के आर्थिक सम्राज्य पर चोट की थी जिसमे कसारी मसारी की अतीक की ज़मीन की खरीद फरोख्त और रजिस्ट्री पर रोक भी लगाई थी लेकिन समय के साथ खेल बदलने लगा, अब अतीक अहमद का करीबी शकील और उसका भाई वकील अहमद इन्ही ज़मीनो पर अवैध प्लाटिंग करके रजिस्ट्री कर रहें हैं। सूत्रों के मुताबिक जिस ज़मीन की रजिस्ट्री पर रोक थी उन्ही ज़मीनो से ये लोग लाभ कमा रहें हैं।

।।ॐ शान्तिः।। ।।ॐ शान्तिः।। ।।ॐ शान्तिः।।

**शोक संदेश**



**श्री डॉ. प्रबोध कुमार सिंह (डॉ. पी के सिंह)**

दिन शनिवार 14 मार्च 2026, को सांसारिक जीवन यात्रा पूर्ण कर आराध्य प्रभु के श्रीचरणों में विलीन हो गये है।

**श्रद्धांजलि सभा**

शुक्रवार 27 मार्च, 2026

ब्रह्मभोज..............................सुबह 12:00 बजे

रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि........दोपहर 02:00 बजे

**स्थान : जे.वी.एस. रिर्जाट, मण्डावर चक्कर रोड, बिजनौर**

**शोकाकुल परिवार**

Col. प्रमोद कुमार (भाई)
श्रीमती दीपा सिंह (भाभी)
श्रीमती सुशीला देवी
पत्नि स्व0 श्री भीष्म चौहान (भाभी)
डॉ0 नीता सिंह (पत्नि)
डॉ0 निखिल कुमार सिंह (पुत्र)
डॉ0 सोनल सिंह (पुत्रवधु)
डॉ0 दिव्या सिंह (पुत्री)
डॉ. विरेंद्र गहलौत (दामाद)

मो0 8477967220

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

**भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल**

**डॉ. मनु अग्रवाल**
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

**भली लगे या बुरी...**

## टी वी का समाज पर प्रभाव

एक अध्ययन के अनुसार, यदि टीवी पर दिखाई हिंसा का प्रसार न हुआ होता तो हमलों की संख्या लगभग सात लाख प्रतिवर्ष कम होती व बलात्कारों की संख्या लगभग 70 हजार प्रतिवर्ष कम होती। सवाल यह है कि जब इस तरह के महवपूर्ण अध्ययन हमारे सामने हैं तो हम सिनेमा, टीवी व विडियो पर दर्शाई गई हिंसा और अपराध के समाज पर संभावित दुष्परिणामों के बारे में अधिक सचेत क्यों नहीं है? टीवी कार्यक्रमों पर आधारित बड़े अपराध तो कभी-कभी ही चर्चा का विषय बनते हैं, पर दैनिक जीवन में अधिक आक्रामकता का चलन तो आसपास के माहौल में कुछ और स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। अमेरिकी बच्चों के बारे में कहा गया है कि 16 वर्ष की आयु होने तक औसतन वे टीवी पर 33 हजार हत्याएं व दो लाख हिंसक घटनाएं देख चुके होते हैं। इस कारण दैनिक जीवन में आक्रामकता बढ़ने के साथ-साथ हिंसा और उसके दुष्परिणामों के प्रति उनके मन में स्वाभाविक विरोध कम हो जाता है और वे उन्हें अधिक आसानी से स्वीकार करने लगते हैं।

हालांकि यह समस्या अब केवल पश्चिमी देशों की नहीं है। अब किसी भी समय अपने यहां के टीवी चैनलों को देख लीजिए। उसमें भी हिंसा की ऐसी वारदात नजर आ ही जाएगी। संभावित दुष्परिणामों के प्रति सचेत न होने के कारण कई बार इस ओर ध्यान ही नहीं जाता कि विभिन्न फिल्मों या सीरियलों से किस तरह के चिंताजनक परिणाम आ सकते हैं। टीवी व फिल्मों से अपराध बढ़ने की संभावना तब अधिक होती है, जब टीवी या फिल्मों में अपराध व हिंसा को बहुत आकर्षक ढंग से दिखाया जाए या अपराध के तौर-तरीकों को बहुत विस्तार से दिखाया जाए। आज जब टीवी व वीडियो हमारे दैनिक जीवन का जरूरी हिस्सा बनते जा रहे हैं और इसके साथ ही प्रतिदिन दर्जनों फिल्मों का प्रवेश किसी भी घर-परिवार में हो रहा है, तो हमें इस बारे में अधिक सचेत होने की जरूरत है कि पर्दे पर दिखाई जाने वाली इस तरह की हिंसा व अपराध समाज के लिए अधिक खतरनाक हो सकते हैं, ताकि इस पर कुछ जरूरी नियंत्रण लग सके। मीडिया की आजादी बहुत जरूरी है, पर इसके साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी उतनी ही जरूरी है। इन दोनों में तालमेल बिठाने से ही उचित संतुलन बन सकेगा।

# अमेरिका+इजरायल-ईरान युद्ध

## सत्य/असत्य और न्याय/अन्याय के दृष्टिगत एक विश्लेषण

पहली बात, दुनिया के लगभग सभी धार्मिक ग्रंथों की शिक्षा और वैश्विक स्तर पर मान्य कानून यही है कि अन्याय और अत्याचार के खिलाफ तथा सत्य और न्याय की स्थापना के लिए यदि युद्ध भी करना पड़े तो कभी पीछे नहीं हटना चाहिए।

दूसरी बात,जब बात सत्य/असत्य और न्याय/अन्याय की हो तो एक धार्मिक और न्यायप्रिय व्यक्ति को हमेशा सत्य और न्याय के पक्ष में ही खड़ा होना चाहिए, चाहे इसकी वजह से उसके स्वयं/माता-पिता/रिश्तेदार इत्यादि के हितों का कितना ही बड़ा नुकसान क्यों न हो रहा हो, यही सारे धर्मों और वैश्विक नैतिक नियमों की तालीम है।

ईमान वालों! न्याय पर दृढ़ता से खड़े रहो, अल्लाह के लिए गवाही दो,चाहे वह खुद तुम्हारे या माता-पिता और रिश्तेदारों के खिलाफ ही क्यों न हो। (कुरआन- सूरह अन-निसा 4:135)

धर्म (न्याय) के लिए युद्ध करना कर्तव्य है, उससे पीछे हटना अधर्म है। (भगवद गीता अध्याय 2, श्लोक 31)

उन लोगों के लिए बोलो जो अपने लिए नहीं बोल सकते। न्याय करो, गरीब और जरूरतमंद का हक दिलाओ (बाइबिल - Proverbs 31: 8-9)

जब अन्य सभी उपाय असफल हो जाएं, तब तलवार उठाना धर्म है ( गुरु गोबिंद सिंह, ज़फ़रनामा)

यदि किसी देश पर सशस्त्र हमला होता है, तो उसे आत्मरक्षा का प्राकृतिक अधिकार है, जब तक कि सुरक्षा परिषद (UN Security Council) शांति बहाल करने के लिए कदम न उठा ले। (United Nations Charter Article 51)

**अब आइए इस युद्ध से जुड़े कुछ तथ्यों पर विस्तार से ग़ौर करते हैं।**

वर्तमान अमेरिका-इजरायल Vs ईरान युद्ध की शुरुआत ईरान ने नहीं बल्कि अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर हमला करके की है। यानी अमेरिका-इजरायल आक्रमणकारी हैं और ईरान धार्मिक/नैतिक और वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत अपने आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल कर रहा है। ईरान ने तो आख़री वक्त तक इस युद्ध को टालने की कोशिश की थी।

ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधियों के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हो रही बातचीत बड़े शांतिपूर्ण ढंग से लगभग कामयाबी को पहुंचने वाली ही थी ठीक उसी समय अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर भयानक बमबारी करके उनके सबसे बड़े धार्मिक/राजनीतिक शख्सियत आयतुल्लाह अली खमनई के पूरे परिवार समेत 7-12 वर्ष की 170 मासूम स्कूली छात्राओं की निर्मम हत्या कर दी। ये पहली बार नहीं था। पिछले वर्ष भी अमेरिका ने बातचीत के दौरान ही धोखे से इसी तरह के क्रूरतापूर्ण हमले किए थे, जिसमें 12 दिनों तक चले युद्ध में ईरान के बड़े -बड़े नेता और कमांडर समेत सैकड़ों लोग मारे गए और बड़ी तबाही हुई थी।

ईरान पिछले 45 वर्षों से अमेरिका द्वारा उस पर लादे गए सैकड़ों प्रकार की पाबंदियों का सामना कर रहा है जिसकी वजह से उसे महंगाई, करेंसी का अवमूल्यन, खाद्य पदार्थों यहां तक की दवाओं की कमी जैसी दर्जनों समस्याओं का सामना करना पड़ता रहा है। अमेरिका और इजरायल जिनके पास सैकड़ों परमाणु बम मौजूद हैं, ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के बहाने उसके दर्जनों वैज्ञानिकों और नेताओं की टारगेटेड किलिंग की है। जबकि संयुक्त राष्ट्र से



जुड़ी IAEA जैसी संस्था दशकों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम की जांच और मॉनिटरिंग कर रही है और उसका कहना है कि ईरान के पास कोई परमाणु बन नहीं है और न ही निकट भविष्य में इसकी कोई संभावना ही है। फिर भी इन देशों द्वारा ईरान पर बमबारी करके उसके सैकड़ों नागरिकों की हत्याएं की गई, हजारों गंभीर रूप से घायल हैं, स्कूल, अस्पताल समेत 50000 से ज्यादा महत्वपूर्ण इमारतों को बिल्कुल तबाह कर दिया गया है और ईरान को दूसरा गाज़ा बनाने की तैयारी है।

'लोकतंत्र के चैंपियन' अमेरिका ने ईरान के चारों तरफ मौजूद सभी खाड़ी के देशों में अपने मिलिट्री बेस बना रखे हैं। इन तमाम देशों में लोकतंत्र की बजाय बादशाहत है लेकिन अमेरिका इन देशों में लोकतंत्र नहीं लाना चाहता उल्टे वो इन बादशाहों को सुरक्षा प्रदान करता है और ईरान जहां पहले से ही लोकतंत्र है वहां लोकतंत्र को खत्म करके अपनी पसंद का बादशाह बिठाना चाहता है। पूरे गल्फ कंट्रीज में जहां पूरी तरह अमेरिका का कंट्रोल है महिलाएं बुर्का पहनती हैं लेकिन अमेरिका को उन्हें 'बुर्के से आजादी' दिलाने की फिक्र नहीं है बल्कि उसे ईरान की उन महिलाओं की फिक्र है जहां की 15-24 वर्ष की 99 प्रतिशत महिलाएं शिक्षित हैं। उन्हें पहनावे से लेकर शिक्षा, नौकरी, खेल और व्यापार करने तक की पूरी आजादी हासिल है और जिससे संबंधित विडियोज सैकड़ों की संख्या में सोशल मीडिया पर आज भी मौजूद हैं, जिन्हें बड़ी आसानी से वेरिफाई भी किया जा सकता है।

अमेरिका और इजरायल ईरान को 'क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा' बताते हैं जबकि पिछले 45 वर्षों से ईरान ने किसी भी देश पर हमला नहीं किया है जबकि इसी बीच इजरायल और उसके साथी अमेरिका ने अपनी घृणित स्वार्थों की पूर्ति के लिए फिलिस्तीन, इराक, ईरान, लेबनान, सीरिया, यमन, वेतनाम, ट्यूनीशिया, कतर, सूडान, अफगानिस्तान समेत दर्जनों देशों पर हमले किए, टारगेटेड किलिंग की, तख्ता पलट करवाया और लाखों इंसानों को मौत के घाट उतार दिया। इससे पता चलता है कि क्षेत्रीय शांति ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की शांति के लिए अगर कोई खतरा है तो वो सिर्फ और सिर्फ इसराइल और उसका सहयोगी अमेरिका है।

सारांश ये है कि एक सामान्य सी ऑनलाइन रिसर्च के जरिए बड़ी आसानी से ये जाना जा सकता है कि ईरान पर हमला करने के लिए 'परमाणु बम', 'तानाशाही' , 'लोकतंत्र की हत्या', 'महिला स्वतंत्रता', 'क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा' इत्यादि जैसे जितने बहाने अमरीका और इजरायल ने बनाए हैं, वो सारे के सारे बिल्कुल झूठे हैं। एक आम समझ-बूझ रखने वाला इंसान भी बड़ी आसानी से ये समझ सकता है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के इस युद्ध में ईरान सत्य और न्याय के पक्ष में खड़ा है जबकि अमेरिका और इजरायल झूठ और अन्याय के पक्ष में।

दरअसल सारा मामला ये है कि इजरायल फिलस्तीनियों की सरजमीन पर मौजूद अपनी गैरकानूनी रियासत को विस्तार देकर 'ग्रेटर इजरायल' बनाना चाहता है और ईरान उसके इस गैरकानूनी लक्ष्य की राह का सबसे बड़ा रोड़ा है क्योंकि वो उस क्षेत्र में मजलूम फिलस्तीनियों के अधिकारों का सबसे बड़ा रक्षक है और उसने तमाम प्रतिबंधों और अत्यधिक वैश्विक दबाव के बावजूद आज तक इजरायल की ग़ैर कानूनी रियासत को मान्यता नहीं दी है इसीलिए वो ईरान को तबाह व बर्बाद कर अपने लिए 'संभावित ख़तरे' को हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहता है। दूसरी ओर अमेरिका ईरान के तेल और गैस के भंडारों पर कब्जा करके उस पर भी अपना उसी तरह कंट्रोल लेना चाहता है जिस तरह उसने वेनेज़ुएला, इराक, कुवैत, सऊदी अरब, कतर, बहरीन, UAE, ओमान समेत कई दूसरे कई मुल्कों पर कर रखा है।

अब फैसला आप को करना है कि आप इस लड़ाई में किसके पक्ष में खड़े हैं? एक तरफ एपस्टीन क्लास के वो लोग हैं जो मुख़्तलिफ बहानों से पूरी दुनिया के संसाधनों को लूटना -खसोटना और उस पर अपना 'मुकम्मल कंट्रोल' चाहते हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं जो इन लुटेरों/मानवता के दुश्मनों/आतंकियों से न सिर्फ अपने देश को बचाना चाहते हैं बल्कि दुनिया के हर उस मजलूम देश के साथ खड़े हैं जो इनके इस जुल्म और नाइंसाफी के शिकार हैं।

**कबीरा**

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : बृहस्पतिवार, 26 मार्च, 2026

# 7 दिनों में 1000 करोड़ पार !

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** धुरंधर 2 का क्रेज उस लेवल पर है जो बॉलीवुड ने कभी नहीं देखा। रणवीर सिंह की फिल्म ने सिर्फ 7 दिनों में बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड की कुछ सबसे बड़ी फिल्मों एनिमल, बजरंगी भाईजान, सीक्रेट सुपरस्टार वगैरह से आगे निकल गई है। अब धुरंधर 2 वर्ल्डवाइड 1000 करोड़



क्लब में एंट्री ले चुकी है, जिसमें साउथ की बाहुबली 2 और पुष्पा 2 जैसी फिल्मों का दबदबा रहा है। बुधवार को एक बार फिर से सिंगल डे कलेक्शन का रिकॉर्ड बनाते हुए धुरंधर 2 ने ये शानदार कमाल कर डाला। डायरेक्टर आदित्य धर की स्टोरीटेलिंग धुरंधर 2 के लिए लोगों को इस तरह थिएटर्स तक खींच रही है कि नॉर्मल वर्किंग डेज में ये सिंगल डे कलेक्शन के रिकॉर्ड बना रही है। धुरंधर 2 ने बॉलीवुड में सबसे बड़े मंगलवार का रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन जनता से मिल रहे जबरदस्त प्यार के दम पर धुरंधर 2 ने पहले 7 दिनों में हर दिन सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड बनाया है। बुधवार को सुबह से ही इस फिल्म के लिए टिकट ऐसे बिक रहे थे जैसे बहुत सारी बड़ी फिल्मों के लिए वीकेंड में नहीं बिके।

# 'चौधरी' बनने चले पाक को पीट गया तालिबान

## बॉर्डर पर 3 सैन्य पोस्ट तबाह करने का दावा

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। पाकिस्तान इन दिनों अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में चौधरी यानी मध्यस्थ बनने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तानी सरकार और सेना के अधिकारी ईरान और दूसरे पक्षों से संपर्क कर शांति स्थापित करने की बात कर रहे थे। ठीक उसी समय अफगानिस्तान में सत्ता में बैठे तालिबान ने पाकिस्तान की सीमा पर तीन सैन्य पोस्ट तबाह कर दिए। यह घटना पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। इससे साफ हो गया है कि पाकिस्तान खुद अपनी सीमा पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा है।**

पाकिस्तान ने ईरान युद्ध में खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय और सेना के अधिकारी ईरान के साथ संपर्क में थे। दोनों पक्षों को बातचीत के लिए तैयार करने की कोशिश कर रहे थे।

पाकिस्तान का मानना है कि अगर वह इस युद्ध में शांति का दूत बन गया तो उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि सुधरेगी और क्षेत्रीय प्रभाव भी बढ़ेगा। खासकर सऊदी अरब और अमेरिका से उसके संबंधों को देखते हुए पाकिस्तान को लगा कि वह दोनों तरफ बैलेंस कर सकता है। लेकिन तालिबान के हमले ने इस कोशिश को बीच में ही झटका दे दिया। तालिबान ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर तीन पाकिस्तानी



सैन्य पोस्ट पूरी तरह नष्ट कर दिए। तालिबान का आरोप है कि पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के अंदर घुसकर हमले किए थे, इसलिए उन्होंने जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तानी सेना ने इसे तालिबान की घुसपैठ और आतंकवादी कार्रवाई बताया है।

इन हमलों में पाकिस्तानी सैनिकों को नुकसान हुआ है। पोस्ट पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान ईरान युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा था।

पाकिस्तान और तालिबान (अफगानिस्तान) के बीच तनाव कई सालों से चला आ रहा है। पाकिस्तान का मुख्य आरोप है कि तालिबान TTP (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) आतंकियों को पनाह दे रहा है। पाकिस्तान ईरान युद्ध में खुलकर किसी एक पक्ष का साथ नहीं ले रहा था। वह सऊदी अरब और अमेरिका के साथ संबंध बनाए रखते हुए ईरान से भी बातचीत कर रहा था। पाकिस्तान की कोशिश थी कि वह युद्धविराम का मध्यस्थ बने और क्षेत्र में अपनी अहमियत बढ़ाए।

तालिबान के हमले ने पाकिस्तान को अंदरूनी सुरक्षा की चिंता में डाल दिया है। अब पाकिस्तान को अपनी सीमा पर ध्यान देना पड़ रहा है, जिससे ईरान युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका कमजोर पड़ गई है।

यह पूरा घटनाक्रम भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों भारत की पड़ोसी सीमाएं हैं। अगर यहां अस्थिरता बढ़ी तो भारत की सीमा सुरक्षा पर भी असर पड़ सकता है। तालिबान की बढ़ती गतिविधि और पाकिस्तान की कमजोर स्थिति भारत के लिए चिंता का विषय है।

## बाइक वालों को 200 तो फोर व्हीलर्स को 2 हजार तक का ही पेट्रोल

जालना ( एजेंसी/चिंगारी )। देश के कई हिस्सों से बीते 24 घंटों के दौरान पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारों के वीडियो सामने आए हैं। इस बीच महाराष्ट्र के जालना में पेट्रोल-डीजल को लेकर फैली अफवाहों के बीच प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखने को देखते हुए प्रशासन ने नए निर्देश जारी किए हैं। दरअसल, कई स्थानों पर लंबी कतारें लगने से पेट्रोल की मांग और आपूर्ति के बीच अस्थायी असंतुलन की स्थिति बन गई है। जिला प्रशासन ने जीवनावश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत विशेष आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार, दोपहिया वाहनों के लिए अधिकतम 200 रुपये और तीन पहिया व चार पहिया वाहनों के लिए 2000 रुपये तक ही ईंधन भरवाने की सीमा तय की गई है। इसके साथ ही, कैन, बोतल या किसी भी अन्य कंटेनर में ईंधन देने पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कारवाई की चेतावनी भी दी गई है।

# श्रीरामनवमी की तिथि पर राजतिलक

## बालेंद्र शाह के शपथ ग्रहण में दिखेगी हिंदू संस्कृति की झलक



नेपाल के आम चुनावों में बलेंद्र शाह और उनकी पार्टी ने शानदार जीत हासिल की है। इसके बाद बलेंद्र शाह नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। बलेंद्र शाह का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार, 27 मार्च को राम नवमी के शुभ अवसर पर होगा। शपथ ग्रहण समारोह हिंदू रीति-रिवाजों के अनुरूप संपन्न होगा। नेपाल की राजधानी काठमांडू में इस शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। शपथ ग्रहण समारोह की तिथि शुक्रवार, चैत्र नवरात्रि के दिन श्री राम नवमी के अवसर पर निर्धारित की गई है। यह समारोह स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:44 बजे होगा। गौरतलब है कि राम नवमी के शुभ अवसर पर अयोध्या के राम मंदिर में विशेष पूजा की जाएगी। राष्ट्रपति भवन शीतल निवास द्वारा भेजे गए शपथ ग्रहण समारोह के निमंत्रण पत्र में पुष्टि की गई है कि बलेंद्र शाह इस शुभ अवसर पर शपथ ग्रहण करेंगे। पिछले साल नेपाल में जनरेशन ˊ की क्रांति हुई थी। इस आंदोलन के चलते वहां की सरकार भंग हो गई थी। इसके बाद देश में कार्यवाहक सरकार का शासन चला। नवगठित चुनावों में बलेंद्र शाह और उनकी पार्टी ने जीत हासिल की। बालेन्द्र की टीम के अनुसार पंचांग में शुभ मुहूर्त देखकर शपथ ग्रहण का समय तय किया गया है। यह शपथ ग्रहण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा एक विशेष आयोजन होगा। समारोह के दौरान 108 हिंदू बटुकों द्वारा स्वस्ति वाचन किया जाएगा, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इसके साथ ही 107 बौद्ध लामा गुरु मंगल पाठ करेंगे, जो शांति और समृद्धि की कामना का प्रतीक है।



# ज़िले में 202 स्कूली वाहन अनफिट, परिवहन पर रोक

## आरटीओ मुरादाबाद ने जारी की सूची




**बिजनौर ( चिंगारी )।** संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मुरादाबाद कार्यालय की ओर से जनपद बिजनौर में संचालित 202 स्कूली वाहनों को अनफिट घोषित करते हुए उनसे छात्रों के परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिये गए हैं। परिवहन विभाग ने साफ किया है कि जिन वाहनों की फिटनेस या आवश्यक प्रपत्रों की वैधता समाप्त हो चुकी है, उनसे बच्चों को ले जाना पूरी तरह अवैध है।

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन मुरादाबाद संदीप कुमार पंकज ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अपने बच्चों को ऐसे वाहनों से स्कूल न भेजें, जिनकी तकनीकी स्थिति या कागजी वैधता संदिग्ध हो। किसी भी वाहन में बच्चों को भेजने से पहले अभिभावक स्वयं वाहन की भौतिक स्थिति जैसे फर्श की मजबूती, खिड़कियों पर लगी जाली या रॉड तथा अन्य सुरक्षा इंतजामों की समय-समय पर जांच करते रहें। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि किसी अनफिट या अवैध वाहन से छात्रों का परिवहन किया जाता है और उससे कोई दुर्घटना या अप्रिय घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन की होगी। ऐसे मामलों में संबंधित विद्यालय के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा। विद्यालय की मान्यता निरस्त करने के लिए संबंधित प्राधिकरण को संस्तुति भी भेजी जा सकती है। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रर्वतन मुरादाबाद संदीप कुमार पंकज ने प्रेस नोट में सूचीबद्ध सभी स्कूली वाहनों के स्वामियों, प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये हैं कि जब तक संबंधित वाहन पूरी तरह फिट घोषित न हो जाएं और उनके सभी प्रपत्र वैध न हो जाएं, तब तक उनसे बच्चों का परिवहन किसी भी स्थिति में न कराया जाए।

### 'एम-परिवहन ऐप' से करें वाहनों की जांच

**संभागीय परिवहन अधिकारी प्रर्वतन मुरादाबाद संदीप कुमार पंकज ने अभिभावकों को सलाह दी है कि वे एम-परिवहन मोबाइल एप के माध्यम से संबंधित वाहन के पंजीकरण, फिटनेस और अन्य प्रपत्रों की वैधता की पुष्टि अवश्य करें। इसके साथ ही चालक की आयु, ड्राइविंग लाइसेंस और नशे की स्थिति जैसे पहलुओं पर भी ध्यान देने को कहा गया है।**

## चैत्रीय नवरात्र

### नवम सिद्धिदात्री

27 मार्च 2026, शुक्रवार



**मां सिद्धिदात्री के नवरात्रि के दिन पूजन-अर्चन से जीवन में अद्भुत सिद्धि और क्षमता प्राप्त होती है और पूर्णता के साथ सभी कार्य सम्पन्न होते हैं। मां सिद्धिदात्री की कृपा से लौकिक एवं पारलौकिक मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। नौवीं शक्ति की पूजा-अर्चना कर विभिन्न प्रकार के अनाज जैसे हलवा, पूरी, चना, खीर, पुए आदि का भोग लगाने से जीवन में सब प्रकार से सुख-शांति का वरदान प्राप्त होता है। साधना मंत्र : ऊं देवी सिद्धिदात्र्यै नमः**



डा. मनोज वर्मा

वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम

स्योहारा ( बिजनौर )

# दूसरे दिन बिजनौर की टीम विजयी रही

### अंडर 16 ट्रायल मैच

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बुधवार को नेहरू स्टेडियम में बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन बिजनौर के तत्वावधान में अंडर 16 के ट्रायल मैचों के दूसरे दिन खेले गये मैच में बिजनौर ने बिजनौर डी को 98 रनों से हरा दिया। बिजनौर ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, जिसमें निर्धारित 30 ओवर में टीम पर 192 रन बनाए, जिसमें शुलभ नाबाद 39, रनिष्क चौहान 34, धैर्य रस्तोगी ने 21 रनों का योगदान दिया। टीम D की ओर से रिद्धिम राजपूत, उत्कर्ष चौहान ने 2- 2 व देव चौधरी और अरविंद ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में टीम डी मात्र 94 पर आल आउट हो गई, जिसमें शिवांश राणा 12, यश ने 17, अनिरुद्ध ने 16 रनों का योगदान दिया । टीम की ओर से लवीश कुमार ने 2, अनिकेत राजपूत ने 3 विकेट लिए। मैच के अंपायर चितवन शर्मा व धनंजय शर्मा रहे व स्कोरर परोपकार सिंह रहे। मैच में नागेन्द्र सारस्वत, दीपक भटनागर, अजय जैन, संजीव चौधरी, मानव सचदेवा, साकिब आदि उपस्थित रहे।

# हितांशी व कनक ने प्राप्त किये सर्वोच्च अंक

## एलआरडी एसवीएम कालेज का परीक्षाफल घोषित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एलआरडी एसवीएम इण्टर कॉलेज, मौहंडिया मंडावर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबन्धक भूदेव सिंह एवं प्रधानाचार्य रंजन त्यागी ने संयुक्त रूप से दीप-धूप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन कर की। परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए प्रधानाचार्य रंजन त्यागी ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्राइमरी विंग में हितांशी राजपूत ने 96.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 11 तक कुल परीक्षा परिणाम 98.5 प्रतिशत रहा। इनमें कक्षा 6 की कनक ललेरा ने 96.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्या मंदिर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उक्त अवसर पर शत-प्रतिशत उपस्थित रहने वालों में गिन्नी राजपूत, दीक्षित राज, देव कौशिक, खुशी, मानवी, शिवांश तथा अंश कुमार आदि छात्र/छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक भूदेव सिंह ने कम अंक



प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को आगे बढ़ने तथा बच्चों को सदैव अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उक्त जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार ने दी।

# रस्साकसी प्रतियोगिता में आरएसएम कालेज विजेता

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज चांदपुर में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद की अंतर महाविद्यालय रस्साकसी पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के राजनीतिशास्त्र के वरिष्ठ प्रोफेसर दिनेश सिंह ने किया। इसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त खेल एक्सपर्ट डा. जितेंद्र चौधरी एवं खेल ऑब्जर्वर प्रोफेसर मंजू अरोड़ा के निर्देशन में प्रतियोगिता का पहला मैच देवता महाविद्यालय मोरना और एमजीएम महाविद्यालय संभल के बीच हुआ, जिसमें देवता महाविद्यालय मोरना ने विजय प्राप्त की। दूसरे मैच में आरएसएम कॉलेज धामपुर ने वाईएमएस कॉलेज मंडी धनौरा को हराकर विजय प्राप्त की। सेमी फाइनल मुकाबले में देवता महाविद्यालय ने गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज को पराजित कर फाइनल में प्रवेश



किया। दूसरे सेमीफाइनल में आरएसएम कॉलेज धामपुर ने वाईएमएस कॉलेज मंडी धनौरा को पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया। तृतीय स्थान के लिए हुए मैच में गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज चांदपुर ने वाईएमएस डिग्री कॉलेज मंडी धनौरा को पराजित करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। फाइनल मैच आरसएम कॉलेज धामपुर और देवता महाविद्यालय मोरना के बीच हुआ, जिसमें आरएसएम डिग्री कॉलेज धामपुर ने देवता महाविद्यालय मोरना को पराजित करके चैंपियनशिप प्राप्त की। अंत में विजयी हुई टीमों को पुरस्कार के रूप में शील्ड दी गई तथा खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए। समापन के अवसर पर प्रतियोगिता के आयोजक सचिव प्रोफेसर अशोक कुमार तथा सहआयोजक सचिव सनी कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डीएम ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण किया। दोपहर करीब 12.30 बजे हुए निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूतल पर स्थित स्ट्रांग रूम के सील्ड ताले खुलवाकर विधानसभा वार सुरक्षित रखी गई ईवीएम मशीनों का जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा, विद्युत आपूर्ति सहित सभी व्यवस्थाएं सुचारू पाई गईं।

इसके उपरांत जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह ने झंडापुर स्थित वीवीपैट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 18 नगीना के वीवीपैट कक्ष सहित नजीबाबाद, धामपुर, नहटौर, नूरपुर और नगीना विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था और सफाई का जायजा लिया, जो सभी मानकों के अनुरूप पाई गईं। निरीक्षण के दौरान ईवीएम की सुरक्षा और रख-रखाव को लेकर उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने संतोष व्यक्त किया और व्यवस्थाओं पर अपनी सहमति जताई। इस मौके पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, कांग्रेस से अनिल कुमार व काज़ी आतिफ, बसपा से मोहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा नेता अनुज मलिक ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र बिजनौर के ग्राम मुढाला में युवकों द्वारा आयोजित भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में समाजवादी पार्टी के नेता अनुज मलिक गांव पहुंचे, जहां युवकों व स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। अनुज मलिक ने टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं की खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाते हैं, बल्कि गांव में सकारात्मक ऊर्जा और एकता भी पैदा करते हैं। अनुज मलिक ने इस मौके पर स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# एलएलएम का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एलएल.एम. द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्र अज़ीम परवेज़ ने प्रथम, आर्यन शर्मा ने द्वितीय तथा शगुफ़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने बताया कि कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के अन्तर्गत एलएल.एम. की शिक्षा प्रदान करने वाला एकमात्र महाविद्यालय है। पूर्व में भी महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। कॉलेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।







# महिलाओं का सशक्त होना ही राष्ट्र के विकास की आधारशिला-आकांक्षा गौतम

## कुंवर सत्यवीरा महाविद्यालय में मिशन नारी शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति-महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सी.ओ. क्राइम सुश्री आकांक्षा गौतम, एस.आई. सुश्री स्वाति शर्मा महिला थाना प्रभारी बिजनौर एवं महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.(डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल डिम्पल संधू ने मिशन शक्ति की विभिन्न योजनाओं एवं विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों से सम्बंधित जानकारी दी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सी.ओ. क्राइम सुश्री आकांक्षा गौतम ने कहा कि महिलाओं का सशक्त होना ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है।

महिला थाना प्रभारी बिजनौर सुश्री स्वाति शर्मा ने अपने सम्बोधन में छात्राओं को बताया कि अपने साथ किसी भी दुर्व्यवहार, अत्याचार या शोषण के खिलाफ उन्हें आवाज़ उठानी चाहिए एवं इसकी शिकायत महिला थाने में करनी चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन काजल एवं डिम्पल संधू कांस्टेबल महिला थाना बिजनौर ने किया। कार्यक्रम में एकता, पूजा, फाल्गुनी, प्रिया, विनीता, सारिका, शिवानी, मनीषा, अभिषेक भारद्वाज, राजकुमार, रवि, अमित, अनुज, अनुभव एवं लेखराज आदि उपस्थित रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल की जूनियर विंग का परीक्षा परिणाम घोषित

## निपुण, शुभी व दिवांशी ने अपनी-अपनी कक्षाओं में पाया पहला स्थान

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रियंका माडर्न स्कूल में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को उनके माता-पिता/अभिभावकों की उपस्थिति स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को रिपोर्ट कॉर्ड वितरित किये गये। इस वर्ष कक्षा-6 के सभी सैक्शनों में निपुण चौहान ने सर्वाधिक 98.5 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उर्मित गंगवार 97.7 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहे। पार्थ राजपूत व शेख दानिया इलमी, दो छात्रों ने 96.9 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 के सभी सैक्शनों में शुभी ने सर्वाधिक 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं मुकेशवर 98.1 प्रतिशत और प्रखिल जैन 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा-8 के सभी सैक्शनों में सर्वाधिक अंक 99.4 प्रतिशत दिव्यांशी सिंह ने अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा-8 में ही खुशी राजपूत ने 98.9 प्रतिशत और मानवी सिंह ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। विभिन्न सैक्शनों से संबंधित मेधावी छात्र-छात्राओं की सूची में कक्षा 6 से निपुण, सम्यक, रालिशा, उर्मित गंगवार, शेख दानिया इलमी, पार्थ, भावी रघुवंशी; कक्षा 7 से प्रखिल जैन, मुक्तेशवर, शुभी तथा कक्षा-8 से दिव्यांशी सिंह, मानवी, जीविका सिंह और अजीत सिंह ने अलग-अलग विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक राणा प्रियंकर सिंह और प्रशासिका अदिति सिंह ने भी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए प्रबन्धन वर्ग ने कहा कि हमारे अनुभवी और परिश्रमी शिक्षकों के बल पर ही हम ऐसे परिणामों को देख पाते हैं। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय परीक्षा प्रभारी तबरेज खान व उनकी टीम एस.के. देवरा, रूपराज सिंह, कमल भट्ट, कामेन्द्र चौहान, अरूण कुमार, संजय चौहान, रीता राणा, किरन शर्मा, दीपा कौशिक, शिवानी अग्रवाल, हेमा सिंह और सलोनी अग्रवाल आदि को जाता है।



# दुर्गाष्टमी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया श्रद्धालुओं ने कन्याओं को जिमाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व दुर्गा अष्टमी के अवसर पर आज गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ स्योहारा मार्ग स्थित प्राचीन मुन्नी देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने कन्या और लंकरों को जिमाया और उन्हें उपहार भेंट किये। स्योहारा मार्ग स्थित प्राचीन मुन्नी देवी मंदिर परिसर भक्तिमय गीतों और जयकारों से गूंज उठा। मंदिर परिसर में लगे मेले में भी पहुंचे क्षेत्र के महिलाओं और बच्चों में जमकर खरीदारी की। मंदिर परिसर में सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रही।


कन्या को तिलक करते हुए।

पुजारी शिवांश का कहना है कि प्राचीन सिद्ध पीठ माता मुन्नी देवी मंदिर पर दुर्गा अष्टमी और नवमी के दिन मेला लगता है जहां दूर-दूर से श्रद्धालु आकर माता रानी को प्रसाद चढ़ाते हैं। इसके अलावा नगीना मार्ग स्थित मंदिर कालिया वाला और बराहि सिद्ध पीठ पर भी मेला लगा। आज बराहि शक्तिपीठ के पुजारी मनीष उपाध्याय के परिवार की ओर से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# दुर्गा पूजा नारी सशक्तिकरण का एक जीवंत प्रतीक : विजय लक्ष्मी शर्मा

**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा पूजा नारी सशक्तिकरण का एक जीवंत प्रतीक है, जो देवी दुर्गा के माध्यम से स्त्री की असीम शक्ति, साहस और सृजन क्षमता का परिचायक है। सहकारी संघ की पूर्व अध्यक्षा विजय लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि नवरात्र पर्व हमें स्मरण कराता है कि महिला केवल श्रद्धा का पात्र नहीं, बल्कि सुरक्षा, ज्ञान और बुराई के नाश की शक्ति भी है।

मां दुर्गा के नौ स्वरूप जीवन के विभिन्न पहलुओं—धैर्य, शक्ति, साहस और करूणा का प्रतिनिधित्व करते हैं। महिषासुर मर्दिनी के रूप में मां दुर्गा की पूजा यह संदेश देती है कि नारी जब अन्याय के खिलाफ खड़ी होती है, तो वह सबसे शक्तिशाली होती है। वह शक्ति, सृजन और परिवर्तन की मूल आधारशिला है । दुर्गा के नौ स्वरूप - शैलपुत्री (दृढ़ता), ब्रह्मचारिणी (तप), चंद्रघंटा (शांति), कूष्मांडा (सृजन), स्कंदमाता (वात्सल्य), कात्यायनी (साहस), कालरात्रि (विनाशकारी शक्ति), महागौरी (शुद्धता) और सिद्धिदात्री (ज्ञान) नारी के विभिन्न सकारात्मक गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वास्तव में दुर्गा पूजा नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सृजन का पवित्र पर्व है । मां दुर्गा के नौ रूपों के माध्यम से नारी को निडरता, धैर्य और अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा देता है। दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक अनुष्ठान है ,बल्कि यह हर महिला में छिपी असीम क्षमता और नेतृत्व क्षमता को पहचानने का भी प्रतीक है। सनातन धर्म में नारी सर्वत्र पूज्यन्ते। नारी सदैव अग्रणी है, देवी का वात्सल्य स्वरूप कन्या साक्षात शक्ति का रूप है। इस अवसर पर हम सबको बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संकल्प लेना होगा।

# गणेश शंकर विद्यार्थी सिर्फ पत्रकार ही नहीं, बल्कि सत्य, न्याय, मानवता के सच्चे योद्धा थे : रसिक महाराज



## संत-महात्माओं ने उन्हें पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि

**ऋषिकेश/रायवाला ( चिंगारी )।** महान स्वतंत्रता सेनानी और निर्भीक पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर नृसिंह वाटिका आश्रम खांड गांव नंबर एक रायवाला में संत-महात्माओं की एक संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए कहा गया कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपनी कलम को अन्याय और अत्याचार के खिलाफ एक सशक्त हथियार बनाया। उनकी पत्रकारिता केवल समाचार देने तक सीमित नहीं थी, बल्कि समाज को जागरूक करने और परिवर्तन की दिशा देने का माध्यम थी उन्होंने 'प्रताप' अखबार के माध्यम से अंग्रेजी शासन की नीतियों का खुलकर विरोध किया और गरीबों, किसानों व मजदूरों की आवाज को बुलंद किया। उनकी निर्भीक लेखनी के कारण उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा, लेकिन वे कभी अन्याय के सामने नहीं झुके। वर्ष 1931 में कानपुर में हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान गणेश शंकर विद्यार्थी घायलों की मदद के लिए सड़कों पर उतर आये। इसी दौरान भीड़ की हिंसा में 25 मार्च 1931 को उनका निधन हो गया। उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और पत्रकारिता के इतिहास में अमर है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी केवल एक पत्रकार नहीं बल्कि सत्य, न्याय और मानवता के सच्चे योद्धा थे। उनकी प्रेरणा आज भी समाज को सही दिशा दिखाती है। इस अवसर पर स्वामी प्रबोधानंद गिरि, स्वामी कमलानंद सरस्वती, स्वामी अभय चैतन्य पुरी, ब्रह्मचारी विशुद्धानंद, महन्त आलोक पुरी बड़ी संख्या में आश्रम से जुड़े संत-महात्मा उपस्थित रहे।


**धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

**बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय**

**निकट थाना कोतवाली, धामपुर**

**मनोज कात्यायन 9927500708**

**जुल्फिकार मंसूरी 9568154643**


# ग्राम चकशहजानी के अस्पताल में शीघ्र होगा सखी वन स्टॉप सेंटर यूनिट का शुभारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** महिला और बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के आदेश पर नगीना मार्ग स्थित गांव चकशहजानी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित सौ बेड के अस्पताल परिसर में पुलिस प्रशासन की ओर से शीघ्र ही सखी वन स्टॉप सेंटर यूनिट नंबर वन को प्रारंभ किया जाएगा। इस यूनिट का उद्देश्य विभिन्न अपराधों में शामिल और पीड़ित महिलाओं को काउंसलिंग के ज़रिए समझना और उनके विवादों को खत्म करना है ऐसी महिलाओं को यहां पर 5 दिन तक रखा जा सकेगा। महिला और बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के आदेश पर यहां महिला स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। जिसमें यूनिट प्रभारी शैली गोला, केस वर्कर शिखा रानी रूबी एक सिक्योरिटी गार्ड, एक स्टाफ नर्स शामिल है।

जनपद बिजनौर की धामपुर तहसील में बाल विकास एवं महिला मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यह दूसरी यूनिट खोली जा रही है। संभावना है कि अप्रैल माह में यूनिट का शुभारंभ हो जाएगा। इसके शुरू होने से क्षेत्र की पीड़ित महिलाओं को बहुत लाभ मिलेगा। एक ही स्थान पर उनकी काउंसलिंग होगी और वादों का निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। निस्तारण न होने पर पुलिस अधिकारियों को रिपोर्ट भेज कर अवगत कराया जाएगा। इसके बाद विभाग के उच्च अधिकारियों की ओर से समाधान करने का प्रयास होगा।



गांव चकशहजानी में संचालित हॉस्पिटल में स्थापित सखी वन स्टॉप सेंटर।

## महिला पुलिस चौकी स्थापित होगी

**पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित इस केंद्र में महिलाओं के रहने के लिए शेल्टर हाउस बना हुआ है, जिसमें पांच बेड हैं। यूनिट कैंपस में तीन-तीन शौचालय व स्नानागार है। एक कार्यालय और दो रूम भी बने हुए हैं। जब यह सेन्टर शुरू हो जाएगा, तो यहां पर महिलाओं के लिए किचन की भी व्यवस्था होगी। इस यूनिट में एक महिला पुलिस चौकी की भी स्थापना की जाएगी।**

# ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

## चूजों का निःशुल्क वितरण

**नहटौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को निःशुल्क चूजे और उनके आहार का वितरण किया गया।



मंगलवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को केवल चूजे ही नहीं दिए गए, बल्कि उनके शुरुआती पालन-पोषण में कोई बाधा न आए, इसके लिए एक माह का दाना (फीड) भी निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में ग्राम खेड़ी जट की एससी समूह की मीरा, रेखा, सुशीला, संगीता, बंटी और रूपा लाभार्थियों को 50-50 चूजों के हिसाब से कुल 300 चूजे प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, एडीओ दीनदयाल सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी, ब्लॉक मिशन मैनेजर मौहम्मद परवेज और महेश कुमार सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गन्ना समिति की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक सम्पन्न

# उत्तम किस्म का गन्ना बीज उपलब्ध करायें शुगर मिल- अशोक राणा

## मिलों को अधिकतम गन्ना सप्लाई करने वाले किसान सम्मानित

**धामपुर ( चिंगारी )।** सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक विधायक अशोक कुमार राणा के मुख्य आतिथ्य एवं समिति के सभापति मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि विधायक अशोक राणा ने अपने संबोधन में मिल प्रतिनिधि से कृषकों को उत्तम किस्म के गन्ना बीज उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही कृषकों को सहफसली खेती करने के प्रेरित किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभापति मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह ने कहा कि उन्नत किस्म का गन्ना बीज बोने से ही मिल व किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है।




ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडे द्वारा वार्षिक साधारण सभा की बैठक का संचालन किया गया तथा साथ ही विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक किसानों को अवगत कराया गया। सचिव गन्ना समिति धामपुर विनोद कुमार सिंह ने वार्षिक साधारण सभा की बैठक में एजेंडा बिंदुवार पढ़कर सुनाया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए सभी प्रस्ताव पारित किए गए।

साधारण सभा की बैठक में चारों चीनी मिलों को अधिकतम गन्ना अपूर्ति करने वाले कृषकों रोहित कुमार बिलाई चीनी मिल, समरजीत सिंह धामपुर चीनी मिल, गुरु चरण सिंह अफजलगढ़ चीनी मिल, देवकीनंदन स्योहारा चीनी मिल को शॉल ओढ़ाकर व कृषि यंत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, प्रबंध समिति के संचालक माया देवी के प्रतिनिधि दीपक चौहान, रणजीत सिंह पवनीत कुमार, अभिषेक कुंवर, कृष्ण गोपाल, सुखविंदर सिंह व काफी संख्या में समिति के डेलिगेट्स के अलावा ओमवीर सिंह गन्ना महाप्रबंधक चीनी मिल धामपुर, उमेश गन्ना महाप्रबंधक चीनी मिल अफजलगढ़, कपिल चौधरी चीनी मिल बिलाई, डॉ. रजनीश चीनी मिल स्योहारा, किसान यूनियन के पदाधिकारी, गन्ना समिति एवं गन्ना विकास परिषद के कर्मचारी, चीनी मिल के कर्मचारी और बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

## महावीर जयंती पर निकलेगी प्रभातफेरी



**किरतपुर ( चिंगारी )।** आगामी 30 मार्च 2026 को श्री महावीर जयंती के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर के अध्यक्ष सुनील जैन व महामंत्री संजय जैन सीमेंट वाले ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 30 मार्च 2026 को प्रात: 6 बजे श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर से प्रभातफेरी निकाली जायेगी। प्रभातफेरी के बाद मंदिर जी में सामूहिक अभिषेक पूजन किया जायेगा। रात्रि में सामूहिक आरती भजन नृत्य एवं महावीर पालने का कार्यक्रम मंदिर जी में होगा।

## सीए कम्पनी अतुल गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स के नवीन कार्यालय का शुभारंभ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर की प्रसिद्ध सी ए फर्म अतुल गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स के नवीन कार्यालय का बुधवार को कृष्णा प्लाजा में विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रसिद्ध चिकित्सक एवं साहित्यकार डा. अजय चौधरी ने फीता काटकर कार्यालय का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल, ओमेन्द्र त्यागी, अंकित त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता सी.पी. सिंह, एडवोकेट राजकुमार गुप्ता, प्रशांत गोयल, मुकेश विश्नोई, डा. नमन गुप्ता, रमेश गोयल, डा. टी.सी.अग्रवाल, डा. राजीव चौधरी, डा. सुधांशु, सी ए ज्योति अग्रवाल, सभासद राजवीर सिंह, मानव सचदेवा, अशोक आर्य सहित नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इससे पूर्व आचार्य कुलदीप विद्यार्थी ने श्रीमती कमलेश आर्या की उपस्थिति में हवन कराया। पुलकित गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी अदिति गुप्ता ने अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया।

## खेत में देखकर शावक, ग्रामीणों के दिल करने लगे धक-धक

**बरुकी ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम थंबूवाला में मंगलवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने खेत में गुलदार के चार शावकों को देखा। जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण गांव से गुजर रहे थे, तभी सरकारी स्कूल के पास उनकी नजर खेत में पड़े शावकों पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि जहां शावक मौजूद हैं, उनकी मां यानी गुलदार भी आसपास ही हो सकती है, जिससे खतरा और बढ़ गया है। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में गुलदार के देखे जाने की घटनाएं बढ़ने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द से जल्द मौके पर पिंजरा लगवाने और गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## स्योहारा में स्वयंसेवकों ने निकाला भव्य पथ संचलन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने स्योहारा में पथ संचलन निकाला। पथसंचलन का नेतृत्व नगर कार्यवाह वैभव रस्तौगी ने किया। अनेक स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। कार्यक्रम से पूर्व विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख संजय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उदबोधन में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाश डाला। पथ संचलन में स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों को देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ लोग खड़े रहे। पथ संचलन संघ कार्यलय से शुरू होकर रियासत, जालीवाला मंदिर, शिवाजी मार्केट, मुरादाबाद रोड एवं आरएसपी रोड होता हुआ संघ कार्यालय पहुंच कर सम्पन्न हुआ। पथसंचलन मे नगर संचालक सोवीर सिंह, ऋषि, दिपांश, कान्हा, अजीत,आरव,सिद्धार्थ वर्मा, अंश अग्रवाल, शशांक वर्मा, राधे रस्तौगी, शौर्य भारद्वाज, संजीव गर्ग, पियूष रस्तौगी, नमन रस्तौगी, नमन माहेश्वरी, मनोज भटनागर, अमित शर्मा, कपिल शर्मा, शंशाक विश्नोई, हिमांशु सैनी, प्यारेलाल सैनी, मुकेश रस्तोगी, डा. विनित देवरा आदि शामिल रहे।



## गैर इरादतन हत्या के मामले में पिता-पुत्र को सात साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सक्षम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशोक भारतेन्दु ने गैर इरादतन हत्या में शामिल पिता-पुत्र अभियुक्तों को सात-सात वर्ष कठोर कारावास एवं एक लाख दो हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चौहान के अनुसार हल्दौर थानांतर्गत मोहल्ला खेड़ा निवासी मंजीत सिंह पुत्र अमर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 नवंबर 2019 को उसके पिता अमर सिंह पुत्र बाबू सिंह के साथ मोहल्ला ईसान निवासी चतर सिंह पुत्र हरि सिंह,अनमोल पुत्र चतर सिंह और अंकित सिंह पुत्र पुत्र चतर सिंह ने मारपीट की थी। इस झगड़े में उनके काफी चोटे आई थीं। अमर सिंह को लेकर थाने में रिपोर्ट करने आ रहे थे तभी इन लोगों ने दोबारा मारपीट की। ये लोग थाने पहुंचे। पुलिस अमर सिंह को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टर ने अमर सिंह को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने चतर सिंह और अनमोल के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल किया। जबकि अंकित को नाबालिग होने के कारण उसकी पत्रावली किशोर बोर्ड को भेज दी गई। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक भारतेन्दु ने गैर इरादतन हत्या का अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्तों पिता-पुत्र चतर सिंह और अनमोल को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304 के तहत सात-सात वर्ष कठोर कारावास तथा पचास-पचास हजार रुपए अर्थदंड की सजा तथा धारा 323 में दोनों को एक-एक वर्ष कठोर कारावास और एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।



# 14 साल से नंगे पैर कर रहे आंदोलन

## विजय जैन के पैरों की हड्डियां मुड़ीं




-विशेष संवाददाता

धामपुर (चिंगारी)। स्थानीय निवासी विजय जैन के दोनों पैरों की हड्डियां आंशिक रूप से मुड़ गई हैं। उनके पंजों के आसपास हल्की सूजन भी उभर आई है। इस बात का खुलासा विजय जैन की मेडिकल रिपोर्ट में हुआ है। विजय जैन ने चिंगारी को बताया कि वह धामपुर में पिछले लगभग 14 साल से आंदोलनरत हैं। गर्मी हो या सर्दी वह चप्पल या जूते कुछ नहीं पहनते हैं। घर हो या बाहर सिर्फ नंगे पैर रहकर समाजसेवा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पैरों की हड्डियों में दर्द रहने लगा है, इसके अलावा तलुओं की त्वचा में नीचे पत्थर, कंकर चुभने के चलते कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। कील अथवा कोई नुकीली चीज़ लगने की स्थिति में पैरों में घाव भी हो जाते हैं, कभी-कभी चलना-फिरना भी दुश्वार हो जाता है।

### क्यों कर रहे हैं आंदोलन?

**विजय जैन ने बताया कि धामपुर में लगभग 65 साल पुरानी पाइप लाइन बिछी हुई है। उन्होंने इन पुरानी पाइप लाइंस को बदलवाने के लिए 28 सितंबर 2014 को ये आंदोलन शुरू किया था। उस समय धामपुर के चेयरमैन महमूद हसन कस्सार हुआ करते थे। ये भी कहा कि जब तक इन पाइप लाइन को बदला नहीं जाता है, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।**

# सीएए बवाल का जिन्न फिर बाहर, दो वारंटी गिरफ्तार

**नहटौर (चिंगारी)।** वर्ष 2019 में हुए नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी विरोध प्रदर्शनों का मामला फिर सुर्खियों में है। पुलिस ने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, यह दोनों बवाल में पुलिस द्वारा आरोपी बनाये गए थे। बता दें कि 20 दिसंबर 2019 को नहटौर नगर में सीएए और एनआईसी के विरोध में प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया था। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई इस झड़प में पथराव और आगजनी की घटनाएं हुई थीं। इस दौरान फायरिंग में दो युवकों मोहम्मद सुलेमान और अनस की मौत हो गई थी, जिसके बाद मामला राष्ट्रीय स्तर पर गरमा गया था। नहटौर पुलिस ने मामले में वारंटी चल रहे दिलशाद उर्फ शब्बन व नाजिम निवासी मौहल्ला ईदगाह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया।

## अ. रज़्ज़ाक़ फाउंडेशन ने अज़ीम को सम्मानित किया

### न्यायिक क्षेत्र में सेवारत पति-पत्नी को भी एजाज से नवाजा

**अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)।** अब्दुल रज़्ज़ाक़ फाउंडेशन एवं अब्दुल समी रॉयल एकेडमी की ओर से फाउंडेशन/एकेडमी के चेयरमैन शेख मो. जैद ने बुधवार को अदब कॉलोनी नजीबाबाद पहुंचकर जहां एक ओर यूपीएससी एग्जाम उत्तीर्ण गढ़ी झिलमिला निवासी अजीम अहमद को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, वहीं जौनपुर में न्यायिक क्षेत्र में एसीजेएम पद पर सेवारत पति-पत्नी मुकीम अहमद व जैबा रऊफ को भी एजाज से नवाजा। इस मौके पर अजीम अहमद, मुकीम अहमद व जैबा रऊफ ने इस एजाज के लिए रज़्ज़ाक परिवार का शुक्रिया अदा किया, वहीं मौ. जैद ने इन तीनों काबिल शख्सियतों को मुबारकबाद पेश करते हुए बच्चों से कामयाब जिंदगी के लिए इनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर सलीम अहमद, शाहिद अहमद, एड. जलीस अहमद, एड. मौ. अजीम, एड. मौ. जावेद व अनीस सैफी आदि भी मौजूद रहे।



# अगर बाहर से लिखी दवाई तो होगी कड़ी कार्रवाई

## सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक की चेतावनी

**नगीना (चिंगारी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विशाल दिवाकर ने नगीना व कोतवाली के सरकारी अस्पताल में कार्यरत सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को पत्र लिखकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को बाहर से कोई भी दवाई न लिखने की साफ चेतावनी दी है। सीएचसी नगीना व पीएचसी कोतवाली देहात के समस्त चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ फार्मासिस्ट आदि को भेजे गए पत्र में कहा गया कि कुछ चिकित्सा अधिकारियों, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ द्वारा बाहरी दवाइयां पर्चे पर लिखी जा रही हैं। जबकि समस्त आवश्यक दवाइयां चिकित्सालय में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि फिर भी किसी दवाई की आवश्यकता है तो जनऔषधि केंद्र से चिकित्सालय ओपीडी पर्चे पर ही साल्ट लिखते हुए दवाई लिखना सुनिश्चित करें। पत्र के माध्यम से चेतावनी दी गई कि यदि किसी के द्वारा भी बाहरी दवाइयां अन्य पर्चे पर लिखी जाती है तो कठोरतम विभागीय व कानूनी कार्रवाई किया जाना तर्कसंगत होगा।

## रामनवमी पर 26-27 मार्च को अवकाश घोषित

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने रामनवमी के अवसर पर बड़ा निर्णय लेते हुए जनभावनाओं का सम्मान किया है। राज्य में अब 26 मार्च के साथ-साथ 27 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने यह फैसला मंदिरों में श्रद्धालुओं की बढ़ी भीड़ और आस्था के मद्देनज़र लिया है, ताकि लोगों को दर्शन-पूजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस निर्णय के बाद अब रामनवमी पर लगातार दो दिन का अवकाश रहेगा।


## नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम संगीता गुप्ता था, जो मैंने अब बदलकर संगीता अग्रवाल रख लिया है, अतः मुझे संगीता अग्रवाल के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये।

**-संगीता अग्रवाल पत्नी शरद चन्द अग्रवाल, निवासी साकेत कॉलोनी, बिहाइंड कलक्ट्रेट, सिविल लाईन-2 बिजनौर**



## कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर।

### ई-ऑक्शन / नीलामी सूचना

जनपद बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत / संचालित दुकानात/व्यवसायों को नियन्त्रित एवं विनियमित करने के उद्देश्य से प्रभावी / प्रचलित उपविधियोंनुसार जनपद बिजनौर के समस्त विकास खण्डों के लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके के E-Auction में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति /ठेकेदार / संस्था इत्यादि को E-Auction की निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

तत्सम्बंधी उपविधियोंनुसार E-Auction किये जाने वाले लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके की अवधि दिनांक 01-04-2026 से 31-03-2027 तक के लिए ही होगी। उपरोक्त लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके वसूली सम्बंधी ठेका/नीलामी हेतु ई-आक्शन पोर्टल http://eauction.gov.in पर ई-नीलामी हेतु प्रतिभाग किया जा सकता है। ई-नीलामी की समय सारिणी का विवरण निम्नवत् है-

| क्र.सं. | गतिविधि | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-नीलामी के प्रकाशन की तिथि | 28.03.2026 | मध्यान्ह 12:00 बजे से |
| 2 | दस्तावेज अपलोड/प्रारम्भ करने की तिथि | 28.03.2026 | मध्यान्ह 12:00 बजे से |
| 3 | दस्तावेज अपलोड/भुगतान करने की अंतिम तिथि | 18.04.2026 | पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| 4 | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की प्रारम्भ तिथि | 18.04.2026 | मध्यान्ह 12:00 बजे से |
| 5 | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की अन्तिम तिथि | 20.04.2026 | सायं 05:00 बजे तक |
| 6 | ई-नीलामी की प्रारम्भ तिथि | 21.04.2026 | पूर्वान्ह 11:00 बजे से |
| 7 | ई-नीलामी की अंतिम तिथि | 21.04.2026 | सायं 03:00 बजे तक |

ई-नीलामी फार्म दिनांक 28.03.2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे से दिनांक 18.04.2026 के पूर्वान्ह 11:00 बजे तक http://eauction.gov.in पर उत्लपब्ध रहेगा। ई-नीलामी फार्म का मूल्य Rs-1,000-00+GST 18% सहित Rs 1,180.00 जिला पंचायत की जिला निधि खाता संख्या-50100182826670 IFSC Code-HDFC0000863 में जमा कर आनलाइन http://eauction.gov.in पर ही Submit किया जा सकेगा। उक्त ई-नीलामी की तकनीकी बिड का परीक्षण जिला पंचायत कार्यालय में दिनांक 18.04.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से ऑनलाइन नीलामी समिति की उपस्थिति में किया जायेगा तथा नीलामीदाताओं की वित्तीय बिड दिनांक 21.04.2026 की सायं 03:00 बजे से नीलामी समिति की उपस्थिति में नीलामीदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उपरोक्त ई-ऑक्शन के सम्बंध में विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बिजनौर।**

# यूपी की गौशालाएं बनेंगी अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन

## ‘पंचगव्य’ से यूपी में खड़ा होगा विशाल ऑर्गेनिक बाज़ार

### बॉयोगैस प्लांट स्थापित कर तैयार की जायेगी बॉयो सीएनजी

### आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर और आईआईटी खड़गपुर पासआउट छात्र की हाईटेक टेक्नोलॉजी का होगा गौशालाओं में इस्तेमाल

-देवराज सिंह

**लखनऊ (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश जल्द ही देश का बड़ा आधुनिक 'टेक्नोलॉजी आधारित गौसंरक्षण मॉडल स्टेट' बनकर उभरने वाला है। प्रदेश की गौशालाओं को अब सिर्फ पशुओं के आश्रय तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार का बड़ा केंद्र बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गौ सेवा आयोग ने 'पंचगव्य वैल्यू चेन' (गौमूत्र, गोबर, दूध, दही और घी) पर काम करते हुए 100 से ज्यादा उत्पाद तैयार कर एक विशाल ऑर्गेनिक मार्केट तैयार करने का खाका खींच लिया है। इसमें आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर और आईआईटी खड़गपुर पासआउट छात्र की हाईटेक टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इसी से बॉयोगैस प्लांट स्थापित कर बॉयो-सीएनजी तैयार की जाएगी। योगी सरकार के इस बड़े कदम का लाभ प्रदेश के छोटे पशुपालकों को भी होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गौसंरक्षण के विजन को जमीन पर उतारने के लिए देश के शीर्ष आईआईटी संस्थानों के विशेषज्ञ भी सहयोग कर रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना का पहला प्रयोग जालौन जिले की गौशालाओं से शुरू किया जा रहा है। यहां बॉयोगैस प्लांट स्थापित कर जैविक खाद, बॉयो-सीएनजी और अन्य पंचगव्य उत्पाद



तैयार किए जाएंगे। जालौन का यह पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर इस हाईटेक मॉडल को पूरे प्रदेश की गौशालाओं में लागू किया जाएगा। गौशालाओं को पूरी तरह स्वावलंबी और व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाने के लिए आईआईटी दिल्ली के प्रो. वीके विजय विशेष सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि टेक्निकल टीम गांवों में जाकर स्किल ट्रेनिंग देगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बॉयोगैस प्लांट के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय लोगों को विशेष रूप से तैयार किया जाएगा। वहीं, सॉफ्टवेयर कंपनी से करोड़ों का पैकेज छोड़कर आए आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्र यशराज और उनकी टीम इन उत्पादों को तैयार करने से लेकर उसकी ब्रांडिंग और बिक्री तक मदद करेगी। योगी सरकार के इस बड़े कदम का लाभ प्रदेश के छोटे पशुपालकों को भी होगा। पंचगव्य के जरिए बनाए गए उनके उत्पादों का बाजार में बेहतर मूल्य मिलेगा। इसके साथ ही गांव-गांव स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार इस आधुनिक मॉडल के दोहरे फायदे होंगे। एक ओर जहां गौवंश का सुरक्षित संरक्षण होगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय युवाओं और छोटे किसानों के लिए रोजगार व अतिरिक्त आय के नये द्वार खुलेंगे। तकनीक और परंपरा का यह संगम गांवों में आजीविका का एक बिल्कुल नया और स्थायी मॉडल पेश करने जा रहा है।

## वन स्टॉप सेंटर महिलाओं का बना सहारा, अब तक 55,134 प्रकरणों में मिली मदद




**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर योगी सरकार का वन स्टॉप सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 55,134 प्रकरणों में महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है, जो इस व्यवस्था की व्यापक पहुंच और प्रभाव को दिखाता है। यह उन हजारों महिलाओं की कहानी है, जिन्हें संकट की घड़ी में तुरंत सहारा मिला है। इसके अंतर्गत 26,450 मामले पुलिस के माध्यम से आए, जबकि 7,551 महिलाएं खुद सहायता के लिए आगे आईं, यानी सिस्टम तक पहुंच और उस पर भरोसा दोनों तेजी से बढ़ा है। सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि वन स्टॉप सेंटर अब एकीकृत व्यवस्था के रूप में काम कर रहे हैं। महिला हेल्पलाइन से 8,506, बाल कल्याण समिति से 6,433 और अन्य माध्यमों से 5,560 मामले सामने आए। इसके अलावा विभिन्न विभागों के जरिए भी महिलाओं को सहायता मिली। यह दिखाता है कि अब व्यवस्था अलग-अलग हिस्सों में बटी नहीं है, बल्कि एक प्लेटफॉर्म पर आकर पीड़ित महिला को हर जरूरी मदद उपलब्ध करा रही है। इन प्रकरणों में सबसे अधिक 34,565 मामले सिविल विवादों से जुड़े हैं, जबकि 14,268 मामले घरेलू हिंसा के हैं। इसके अलावा यौन हिंसा, जेंडर आधारित हिंसा और साइबर अपराध से जुड़े मामले भी हैं। साफ है कि वन स्टॉप सेंटर अब केवल एक सेवा नहीं, बल्कि महिलाओं से जुड़ी हर समस्या के समाधान का केंद्र बन चुके हैं। इन केंद्रों की पहुंच हर आयु वर्ग तक है।

## कौशल विकास से तेज होगी आर्थिक रफ़्तार

### ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य पर योगी सरकार का फोकस




**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए योगी सरकार कौशल विकास को केंद्र में रखकर तेजी से काम कर रही है। इसी क्रम में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सचिवालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागीय योजनाओं की प्रगति और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि सभी योजनाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का फोकस युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें उद्योगों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित करना है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के सशक्तीकरण को लेकर बैठक में विशेष जोर दिया गया। टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से आधुनिक प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने और उद्योग आधारित स्किल डवलपमेंट को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उद्योगों की मांग के अनुरूप बनाना समय की जरूरत है, जिससे युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जा सके। इसके साथ ही डेलॉइट के प्रतिनिधियों ने बदलते औद्योगिक परिदृश्य, नई तकनीकों और भविष्य उन्मुख कौशल पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें बताया गया कि आने वाले समय में टेक्नोलॉजी आधारित स्किल्स की मांग तेजी से बढ़ेगी, जिसके लिए प्रशिक्षण प्रणाली को अपडेट करना जरूरी है। मंत्री ने कहा कि कौशल विकास को नई दिशा देकर प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना ही प्रदेश की आर्थिक प्रगति की कुंजी है।

## योगी सरकार में बदली यूपी टूरिज्म की पहचान- जयवीर सिंह

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को लोकभवन में पत्रकारवार्ता में मुख्यमंत्री योगी सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास का यह परिवर्तन केवल सोच का नहीं, बल्कि शासन की प्राथमिकताओं का भी प्रतीक बनकर उभरा है। वर्ष 2017 के पहले राज्य सरकार के बजट का बड़ा हिस्सा कब्रिस्तानों की दीवारें बनाने में खर्च होता था, वहीं अब योगी सरकार में प्रदेश के तीर्थ स्थलों, धार्मिक गलियारों, सांस्कृतिक मार्गों और पर्यटन अवसंरचना के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस बदलाव ने उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्द्धन को पर्यटन के विकास से जोड़ा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप पिछले नौ वर्षों में राज्य में आस्था, संस्कृति और पर्यटन का संगम अब आर्थिक विकास का मजबूत आधार बन चुका है। तीर्थ विकास परिषदों का निर्माण कर प्रदेश के तीर्थों में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विकास किया गया है।

## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत 12 हजार गांवों से कस्बों व शहरों के लिए दौड़ेंगी रोडवेज बसें

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में ग्रामीण परिवहन विकास को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 के तहत लगभग 12 हजार ऐसे गांवों में बस सेवा शुरू की जाएगी, जहां अब तक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा नहीं थी। यह पहल सिर्फ बस चलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर गांव तक वास्तविक संपर्क सुनिश्चित करने की है। सरकार का साफ संदेश है, जहां बस जाएगी, वहां संपर्क मार्ग भी होगा और वहीं से शिक्षा, स्वास्थ्य,



रोजगार और बाजार तक पहुंच का रास्ता खुलेगा। ग्रामीण परिवहन पर खर्च 2011-12 में घरेलू बजट के 4.2 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में लगभग 7.5 फीसदी हो गया है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में बीते वर्षों में सड़कों का व्यापक जाल बिछा, लेकिन 12 हजार से ज्यादा गांव अब भी सुविधाओं से कटे थे। योगी सरकार ने इस अंतर को पहचानते हुए कनेक्टिविटी की परिभाषा को बदला है। अब केवल सड़क बनाना लक्ष्य नहीं, बल्कि उस सड़क पर नियमित परिवहन सुनिश्चित करना है। यह योजना 59,163 ग्राम सभाओं को जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह है कि करीब 05 हजार ऐसे गांव, जहां बड़ी बसें नहीं पहुंच सकतीं, वहां 28 सीटों तक की छोटी बसें चलाई जाएंगी। यानी दुर्गम इलाकों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का स्पष्ट रोडमैप तैयार है।

# मुजफ्फ़रनगर के पक्षी विहार पहुंचा छात्र-छात्राओं का टूर



पक्षी विहार पहुंचा छात्र-छात्राओं का टूर।

नजीबाबाद (चिंगारी)। राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के आदेश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के बच्चों का टूर रवाना हुआ। नजीबाबाद से तहसील स्तरीय टूर को भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टूर में नजीबाबाद से 30 तथा किरतपुर से 20 कुल 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। टूर ने मुजफ्फरनगर के पक्षी विहार जाकर वहां देश विदेश से आने वाले पक्षियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बच्चों ने बिजनौर के इंदिरा पार्क में आनंद लिया तथा जानकारी प्राप्त की। जिला समन्वयक लियाकत अली तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी राजमोहन के मार्गदर्शन में गए टूर में पूर्व बीआरसी मोबीन हसन, विशेष शिक्षक रंजीत यादव, शहर रोज, आसमा निगार, शिक्षिका सोनल गुप्ता, हिमानी प्रजापति, तनु राजपूत, लक्ष्मी रानी, कौशल्या, शम्मी रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर स्थानीय तहसील परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न विभागों ने कैंप लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व आम नागरिकों ने पहुंचकर लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सरकार की उपलब्धियों व जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व रोजगार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कैंपों में राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही कई प्रकरणों का समाधान किया। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी पूरी की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। वहीं कृषि विभाग ने किसानों को आधुनिक खेती तकनीकों व योजनाओं की जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग ने पेंशन एवं अन्य योजनाओं के लिए आवेदन स्वीकार किए। कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, एसडीएम शैलेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तालाब की सफाई के दौरान जाल में फंसा मगरमच्छ

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर के तालाब में मछुआरे तालाब की सफाई कर रहे थे। सफाई करने के दौरान एक मगरमच्छ उनके जाल में फंस गया। मगरमच्छ के जाल में फंसे होने की खबर पूरे गांव में फैल गई। जाल में फंसे मगरमच्छ को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों के द्वारा सामाजिक वानिकी विभाग को सूचना दी गई। सामाजिक वानिकी के दरोगा विकास कुमार ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर मगरमच्छ को तालाब से निकालकर उसके प्राकृतिक प्रवास में छोड़ दिया।**

## उद्योगपति साहू राकेश अग्रवाल के निधन पर शोक जताया

**नजीबाबाद (चिंगारी)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें वैश्य समुदाय द्वारा चंद्रा कत्था इंडस्ट्रीज के एमडी साहू राकेश अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। समाज के लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संगठन के जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने बताया साहू राकेश अग्रवाल न केवल उद्योग जगत में न केवल अपनी मजबूती से पहचान बनाई बल्कि उन्होंने क्षेत्र में विकास व रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका व्यवहार अत्यंत सरल था। शोक सभा में अभिनव अग्रवाल एड., युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, रजत अग्रवाल, अमित सिंघल, आयुष बंसल, अनमोल गुप्ता, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।**

## अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया



मेधावी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित करते मैनेजर नफीस खान।

नजीबाबाद (चिंगारी)। जनता बाल निकेतन जूनियर हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु. अरीशा ने किया। स्कूल के अध्यक्ष शमीम अहमद पूर्व तहसीलदार, इस्लामी फण्ड के मैनेजर नफीस खां व स्कूल के ऑनर आदिल अथहर व कोकब ए रूशदा हाशमी ने बच्चों को रिजल्ट कार्ड वितरित किये। स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कक्षा पांच में सानिया टॉपर रही। कक्षा नर्सरी में आहिल प्रथम, केजी में अभिशम, कक्षा एक में शुऐब, दो में साद, तीन में सिदरा, चार में वली, पांच में सानिया, छह में इलमा नूर व कक्षा सात में अनिकेत वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वार्षिक परीक्षाफल घोषणा के मौके पर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। स्कूल के अध्यक्ष व ऑनर ने वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया।

## हिंदू युवा महाशक्ति सेना राजनीति ने किया ईद मिलन कार्यक्रम



ईद मिलन कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण व कार्यकर्ता।

नजीबाबाद (चिंगारी)। हिंदू युवा महाशक्ति सेना राजनीति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्वेंद्र सिंह राणा व मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह के नेतृत्व में गांव गाजीपुर कुतुब में यूसुफ के निवास पर ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय महिला समाज स्वराज शक्ति की महिला टीम भी शामिल रही। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष निशि चौधरी उनकी माता, जिला मीडिया प्रभारी विकास कुमार उनकी धर्मपत्नी आरजू तोमर, बेगराज, सतपाल, अनिल, प्रदीप कुमार, राजेंद्र, लाला मंगू सिंह, मास्टर राजेंद्र सिंह, रावेंद्र चौधरी, शिवम कुमार, अनुज, अभिषेक आदि शामिल रहे। हिंदू युवा महाशक्ति सेना के मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम में हर्वेंद्र सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, मंडल सचिव रीता देवी आदि मौजूद रहे।

## दुर्गा अष्टमी पूजन कर कन्याओं को जिमाया



दुर्गा अष्टमी पर जिमाने के लिए बुलाई गई कन्याएं।

नजीबाबाद (चिंगारी)। दुर्गा अष्टमी के मौके पर पूजन कर कन्याओं को जिमाया गया। चैत्र नवरात्र का आठवां दिन अर्थात मां दुर्गा अष्टमी का दिन है। आज के दिन सुबह दुर्गा चालीसा का पाठ कर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। मंदिरों में लगे जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को आदर सत्कार के साथ घर बुलाकर हलवा, पूरी, नारियल के प्रसाद का भोग लगाकर उनको भोजन कराया। कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनसे आशीर्वाद लिया। मां दुर्गा का गुणगान कर जयकारे लगाए। सभी कन्याओं को उपहार भी दिये गये। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में राजा की समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र माह की अष्टमी के दिन मेले का आयोजन किया गया। मंडावली, कांठपुर, नयागांव, सैफाबाद, राहतपुर आदि गांव के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना कर देवी मां की स्तुति की। श्रद्धालुओं ने समाधि स्थल परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मेले में बच्चों ने खिलौनों की खरीददारी की। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंडावली पुलिस मौजूद रही।

# खानपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला राष्ट्रीय स्तरीय एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र



**स्योहारा ( चिंगारी )।** सीएचसी प्रभारी डॉ. बीके स्नेही ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर हैल्थ वैलनेस सेंटर खानपुर मेवला माफी को पुरस्कार मिला है। सीएमओ डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रयास किया जा रहा है कि सरकार की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी सुलभ हो। ग्रामीण इलाके के लोगों को घर के पास ही उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना सरकार और स्वास्थ्य विभाग के प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी ने बताया कि 7 सर्विस पैकेजों के तहत सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम मानकों के अनुरूप ढालना है। इसके तहत स्वास्थ्य केंद्रों के लिए पूर्व निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। इन मानकों में साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, उपकरणों की स्थिति, उपचार की प्रक्रिया और रोगियों की संतुष्टि शामिल हैं। साथ ही मानक संचालन प्रक्रियाओं के पालन की भी जांच की जाती है। राष्ट्रीय स्तरीय टीम द्वारा 6 फरवरी को ऑनलाइन असेसमेंट किया गया था, जिसमें 7 सर्विस पैकेजों के तहत यहां तैनात सीएचओ, एएनएम ओर आशा संगिनी आदि का इंटरव्यू लिया गया था। इसमें 89.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसको लेकर स्थानीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) अमित कुमार, एएनएम पूजा कुमारी, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, बीसीपीएम राजेशकुमार, एआरओ आलोक कुमार, डीईओ राशि, अनम सहित कई अन्य सीएचओ जिनमें, चंद्रशेखर, नित्या राज, आकांक्षा, मानसी, संगीता, पुष्पेंद्र, आरिफ, रश्मि सैनी, कामा आशा संगिनी, रूपा, मधुवाला, सुमन, रेणु, मधु, सुनीता, जमुना आशा, अभय कुमार ग्राम प्रधान, जिला बिजनौर से नोडल अधिकारी डॉ. हितेंद्र कुमार और अन्य कर्मियों के बदौलत राष्ट्रीय स्तरीय टीम द्वारा प्रमाणीकरण किया गया है।

## सांसद रुचि वीरा 28 को करेंगी POLARIS SCHOOL का उद्घाटन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नूरपुर रोड स्थित नगर के प्रतिष्ठित एसबी कॉलेज ऑफ लॉ के दूसरे नये शिक्षण संस्थान POLARIS SCHOOL का शुभारंभ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित में 28 मार्च को किया जायेगा। कांठ ( मुरादाबाद ) के पास ग्राम अकबरपुर छेदरी स्थित स्कूल के शुभारंभ समारोह की मुख्य अतिथि मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुंवरानी रुचि वीरा होंगी। स्कूल के चेयरमैन डॉ. अशरफ अली खां व सेक्रेटरी श्रीमती रुहिल नसीब पठान ने बताया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाने के उद्देश्य से स्कूल की स्थापना की गई है। मैनेजर हसन पठान ने बताया कि प्रारंभिक स्तर पर नर्सरी से कक्षा 8 तक की शिक्षा प्रदान की जायेगी। नये स्कूल को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है कि अब बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिये दूर-दराज में भटकना नहीं पड़ेगा।

## दुर्गा अष्टमी पर किया 108 कन्याओं का सामूहिक पूजन




**किरतपुर ( चिंगारी )।** चैत्रीय नवरात्रों की पावन दुर्गा अष्टमी के अवसर पर स्थानीय श्री विश्वकर्मा शिव मंदिर में 108 कन्याओं का विधिवत सामूहिक पूजन किया गया। कन्याओं को भोजन कराने के उपरांत पाठ्य सामाग्री, हेयर बैंड, चुनरी, केले, चिप्स के पैकेट, पर्स एवं दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 15 परिवार सम्मलित हुए। कन्या पूजन उपरांत पंडित सतीशचंद्र शर्मा द्वारा हवन किया गया, जिसमें सभी ने हवन में आहुति प्रदान की। कन्याओं का पूजन करने वालों में प्रमुख रूप से निर्मला शर्मा, सुनीता शर्मा, बीणा राणा, अवनी शर्मा, शैफाली पाराशर, लक्ष्मी चौहान, प्रिंशी शर्मा, शैली राणा, पवन चौहान, शोभा राठी, पूनम शर्मा, विपिन विश्वकर्मा, गिरिराज सिंह आदि उपस्थित रहे। नवरात्रों के पावन अवसर पर ही मंदिर में माता रानी जी का कीर्तन प्रतिदिन चल रहा है, जो एकादशी तक चलेगा।

## स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि शेरबाज पठान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला शाहचन्दन स्थित इस्लामिया चिल्ड्रन एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान रहे। जूनियर में अनुशा व प्राइमरी में अब्दुल रहमान ने स्कूल टॉप किया। आज सुबह स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शेरबाज पठान ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक मौ. इल्यास कुरैशी, सूफी इजहारुल इस्लाम, जलील कुरैशी, अशरफ कुरैशी, बब्बू कुरैशी, इरफान सैफी, जाने आलम खान, रामौतार सिंह, इकरार अंसारी सहित बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# वनकर्मियों ने पिंजरा लगाया मगर गुलदार नहीं फंस पाया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मंगलवार की प्रात: क्षेत्र के ग्राम चौहड़वाला निवासी राजो देवी नामक महिला पर गन्ना छीलने के दौरान हुए गुलदार के हमले के बाद स्थानीय वनकर्मियों ने ग्रामीणों के गुस्से को भांपकर मंगलवार को ही वहां पिंजरा तो लगा दिया, मगर गुलदार पिंजरे में फंसना तो दूर, पिंजरे के करीब तक भी नहीं फटका। गुलदार ने क्षेत्र में किसानों मजदूरों एवं अन्य क्षेत्रवासियों पर जहां-जहां हमला किया, वहां वन विभाग ने पिंजरा लगाया, मगर अधिकतर जगह गुलदार पिंजरे में कैद नहीं हो पाया। कहीं पिंजरे के इर्द-गिर्द ही घूम कर चला गया, तो कहीं पिंजरे के आसपास भी नहीं आ पाया। बहरहाल गुलदार के बढ़ते हमलों को लेकर किसान-मजदूर परेशान है। क्षेत्रवासियों में असुरक्षा का माहौल है, क्योंकि गुलदार खेत-खलियानों तक ही नहीं अब घनी आबादी के गली-मोहल्लों तक आने लगा है और अक्सर कुत्ते-बिल्ली की तरह घूमता मिल रहा है।

## सीओ धामपुर की गाड़ी के आगे आया गुलदार

**नहटौर ( चिंगारी )।** पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे की गाड़ी के आगे गुलदार दिखाई देने से हड़कम्प मच गया। सीओ अभय कुमार पांडे की सूचना पर वन विभाग में सतर्कता अभियान चलाया। गश्त करने वाले पुलिसकर्मियों को भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये है। बुधवार की देर शाम को पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे गाड़ी द्वारा बिजनौर से वापस धामपुर के लिए जा रहे थे। हल्दौर रोड़ स्थित ग्राम नूरपुर खेड़की के सामने उनकी गाड़ी के आगे गुलदार सड़क पर दिखाई दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मामले की जानकारी तत्काल वन अधिकारियों को देते हुए ग्राम नूरपुर खेड़की व फरीदनगर आदि के ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए निर्देश दिये। पुलिस अधिकारी की ओर से मिली सूचना के आधार पर वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से संपर्क कर आवश्यक जानकारी दी। साथ ही खेतों से दिन में ही कार्य निपटा लेने के एवं समूह में खेतों पर जाने की सलाह दी। गुलदार देखे जाने की पुष्टि करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि ग्राम नूरपुर खेड़की के पास हमारी गाड़ी के आगे गुलदार सड़क पर दिखाई दिया था। वन विभाग को अवगत कराया है, जिससे आसपास के ग्रामीणों को सतर्क किया जा सकें।

# योजनाओं और हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम रतनपुर खुर्द, हीमपुर दीपा, रावटी, अकबरपुर, तिगरी में मिशन शक्ति अभियान के तहत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन को लेकर चर्चा की गई। पुलिस उप निरीक्षक मुन्नी राठी ने बाल विवाह और साइबर क्राइम पर चर्चा करते हुए बताया कि महिला एवं बालिकाओं के हित में सरकार की ओर से विधवा-वृद्धा पेंशन, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य, नशा मुक्ति भारत आदि अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। महिला हेड कांस्टेबल संगीता सिंह द्वारा वूमेन पावर लाइन 1090 महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 स्वास्थ्य सेवा 102 व 108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



## अब्दुल मजीद भट्टे वालों के इंतकाल से क्षेत्र में शोक व्याप्त

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला चिम्मन निवासी अब्दुल मजीद सिद्दीकी (भट्टे वाले) का बुधवार को इंतकाल हो गया, उनकी आयु लगभग 70 वर्ष थी तथा वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनके इंतकाल से क्षेत्र में शोक छा गया। उनके इंतकाल की खबर से उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। अब्दुल मजीद सिद्दीकी भट्टे वाले खुशमिजाज और हमेशा लोगों के काम आने वाले नेकदिल इंसान थे। वे अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़ गये हैं। बुधवार को असर की नमाज के बाद उन्हें सुपुर्देखाक कर दिया गया, उनकी तदफीन में सैकड़ों लोगों ने शिरकत कर उनकी मगफिरत के लिए दुआ की। मरहूम मजीद सिद्दीकी भट्टे वाले बब्बू सिद्दीकी के बड़े भाई थे। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक शोक संवेदना।

# क्लास में फर्स्ट आई अदविका चौहान




**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय यश पब्लिक स्कूल की नर्सरी की छात्रा अदविका चौहान पुत्री हनुमान सिंह चौहान एडवोकेट ने नर्सरी क्लास में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम आने पर स्कूल की प्रधानाचार्या कुमकुम चौहान व मैनेजर कुंवर अमित कुमार ने अदविका को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। चिंगारी परिवार भी अदविका के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## हल्दौर में 29 को हार्ट कैम्प

**हल्दौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा के सहयोग से आगामी 29 मार्च दिन रविवार को पुरुषोत्तम नर्सिंग होम हल्दौर पर नि:शुल्क हृदय रोग चैकअप कैंप लगाया जाएगा। क्लब अध्यक्ष नवीन कुमार एडवोकेट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक लगने वाले कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का नि:शुल्क चैकअप कर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा और ईसीजी फ्री की जाएगी। उन्होंने हार्ट की बीमारी से संबंधित मरीजों से कैंप का लाभ उठाने का आह्वान किया हैं।

## गाली देने से मना किया तो खेत में खींच लिया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे वह जंगल से पशुओं के लिए चारा लेकर घर लौट रही थी। जब वह निखिल पुत्र मुन्नू के खेत से निकल कर आ रही थी, तो वहां मौजूद निखिल उसके पिता को गाली देने लगा। उसने उक्त युवक से गाली देने से मना किया तो उसने मारपीट की तथा हाथ पकड़कर खेत मे खींच लिया और कपड़े फाड़ दिए। युवती का कहना है कि किसी तरह बचकर वह घर पहुंची तथा परिजनों को घटना के सम्बंध में जानकारी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज किये जाने की पुष्टि की है।

## धूमधाम से मनाया गया स्कूल का एनुअल फंक्शन




अतिथियों को सम्मानित करते हुये स्कूल परिवार के सदस्य

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** स्थानीय मुख्य बाजार स्थित के.एस. ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल का एनुअल फंक्शन बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल प्रबंधक एन. यू. खान के संचालन एवं हाजी अनवर ठेकेदार के मुख्य आतिथ्य में हुए इस भव्य कार्यक्रम में अनेक विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। तत्पश्चात स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्कूल टीचर्स मीनाक्षी यादव, दीक्षा शर्मा, ज्योति चौहान, मधु प्रजापति, महविश उस्मानी, महक उस्मानी, सानिया अंसारी, गुलिस्ता अंसारी व दानियाल अनस एवं उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया गया। प्रोग्राम में अनवर ठेकेदार, आदर्श प्रेस क्लब के अध्यक्ष एस.एम. असलम, युवा नेता एड. शहराज सैफी, मौ. सलमान, रईस ठेकेदार, महफूज खान, रिजवान खान, अथर खान, नब्बन खान, मौ. अयाज, घनेंद्र राठौर, मुम्ताज खान व शकील अहमद आदि खासतौर से मौजूद रहे।

# मनचलों से बिल्कुल न डरें, दिक्कत हो तो कॉल करें

**मिशन शक्ति अभियान**

**किरतपुर ( चिंगारी )। मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी छात्राओं को मनचलों का डटकर मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया गया।**

कांस्टेबल प्रीति, मोनी और नीलम ने मोहल्ला कोटला में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के विषय में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने आवश्यक हेल्पलाइन नंबर भी बताए। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई अभियान चला रही है। नगर के विभिन्न बालिका विद्यालयों के आसपास महिला कांस्टेबल तैनात रहती हैं। उन्होंने



छात्राओं से कहा कि यदि कोई उन्हें परेशान करे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उधर, बढ़ापुर में श्री शिव विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य आरक्षी आशीष कुमार एवं आरक्षी अंजू रानी ने छात्राओं को जागरूक किया। नारी सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए उनको सोशल मीडिया का सदुपयोग करने और उनको विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।

# किसान पर किया फायर, तमंचा छीना, आरोपी फ़रार



**मंडावर ( चिंगारी )।** बालावाली पुलिस चौकी के अन्तर्गत ग्राम सुक्खापुर निवासी एक किसान पर रंजिश के कारण तमंचे से फायर कर जान से मारने की कोशिश की जिसमें वह बाल-बाल बचा। शोर सुनकर खेतों में काम कर रहे किसानों को आता देख आरोपी भाग निकले, जबकि तमंचे से फायर करने वाले आरोपी को किसानों ने पकड़ लिया और उससे तमंचा छीन लिया, मगर बाद में वह भी भाग निकला। वहीं, तमंचा छीनने का वीडियो वायरल हो गया। ग्राम निवासी ब्रजभान पुत्र रामसिंह ने बुधवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार शाम को वह खेत में काम कर रहा था। पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी गांव मारकण्डेयपुरम निवासी ऋषिपाल, सोमपाल पुत्र सुल्तान, रोहित, अमित व दो अज्ञात खेत पर आए और ऋषिपाल ने फायर कर दिया। इस दौरान ऋषिपाल को पकड़ लिया गया और तमंचा उससे छीन लिया, लेकिन वो भाग निकला। हालांकि, चिंगारी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस का कहना है कि किसान के साथ हुई घटना की जांच की जा रही है।

## सर्वसम्मति से हुआ सोसायटी का चुनाव

### डा. नूर अहमद चुने गये अध्यक्ष



नूर अहमद



**किरतपुर ( चिंगारी )।** आजाद वेलफेयर सोसाइटी किरतपुर की एक मीटिंग डॉ. नूर अहमद के निवास स्थान पर हुई। मीटिंग में नई कार्यकारिणी का चुनाव डॉ. शाकिर हुसैन चुनाव पर्यवेक्षक की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से आजाद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पद के लिए डॉ. नूर अहमद, महासचिव डॉ. मौ. अमजद, कोषाध्यक्ष डॉ. शाहनवाज, डॉ. आदिल जमील मीडिया प्रभारी और मुफ़्ती शामिल को कानूनी सलाहकार चुना गया। बैठक में आकिल सलमानी, रियाज सलमानी, डॉ. एनएच मिर्जा, इरशाद अंसारी, मौ. कामिल सभासद, बब्बू भाई, औसाफ़ सिद्दीकी, सुलेमान अंसारी, उमर हयात, बदरे आलम, परवेज आलम, नादिर आदि लोग शामिल रहे।

# चक्रव्यूह मंचन देखकर भावुक हुये दर्शक



**चांदपुर ( चिंगारी )।** चैत्र नवरात्र के अंतर्गत चांदपुर में देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित लीला के अंतर्गत चक्रव्यूह मंचन ने दर्शकों के दिलों को झकझोर कर रख दिया। जब 16 वर्ष का वीर अभिमन्यु शौर्य के साथ छह द्वार तोड़कर अंतिम पड़ाव पर पहुंचा और छल से उसका वध किया गया, तो रणभूमि का वह दृश्य जीवंत हो उठा। अभिमन्यु के बलिदान को देख पंडाल में बैठे हर दर्शक की आंखें नम हो गईं। चक्रव्यूह मंचन में दिखाया गया कि कुरुक्षेत्र की रणभूमि में जब युद्ध हुआ तो 13वें दिन कौरवों ने पांडवों को हराने के लिए द्रोणाचार्य द्वारा सात द्वारों वाले चक्रव्यूह की रचना की। इस चक्रव्यूह को भेदना श्रीकृष्ण, अर्जुन, द्रोणाचार्य और प्रद्युम्न जानते थे। रणनीति के तहत अर्जुन को राजा सुशर्मा के नेतृत्व में त्रिगर्त के सैनिकों (संशप्तकों) ने मुख्य युद्ध से अलग कर दिया। अभिमन्यु को अर्जुन की अनुपस्थिति में माता सुभद्रा और पत्नी उत्तरा चक्रव्यूह में जाने से रोकती हैं। लेकिन अभिमन्यु युद्ध के लिए चले जाते हैं। मंचन में दिखाया गया कि सात द्वारों पर गुरु द्रोणाचार्य, कर्ण आदि सात महारथी खड़े रहते हैं। 16 वर्ष का वीर अभिमन्यु छह द्वार तोड़ता हुआ आगे बढ़ता है। तभी दुर्योधन कहता है कि वो सब एक ही परिवार के सदस्य हैं, इसलिए लड़ाई छोड़कर गले मिलना चाहिए। छल से अभिमन्यु के कवच, हथियार आदि ले लिए जाते हैं, जिसके बाद धोखे से सभी महारथी मिलकर अभिमन्यु का वध कर देते हैं। अपने पुत्र की मृत्यु का समाचार मिलने पर अर्जुन भावुक और फिर क्रोधित होकर जयद्रथ वध का संकल्प लेते हैं। जिसके बाद चक्रव्यूह मंचन समाप्त हो जाता है। इस दौरान वहां मौजूद दर्शकों की आंखें छलक जाती हैं। राधा सर्वेश्वर लीला संस्थान वृंदावन के द्वारा रासलीला का मंचन किया गया।

# टी.बी. के मरीजों को पोषाहार पोटली वितरित की



**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्मार्ट फाउंडेशन द्वारा भारत को टी.बी. मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम सेहत सही लाभ कई अभियान में किरतपुर सामुदायिक केंद्र में विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) के अवसर पर टीबी के जरुरतमंद मरीजों को पोषाहार पोटली का वितरण किया गया। राजमा, सोयाबीन, मूंगफली दाना, काले चने, गुड़, सरसो का तेल, केले एवं लौकी आदि पोषाहार के रूप में वितरित किये गए। टीबी के मरीजों को पोषाहार के प्रति जागरूक करने के लिए रामा एफएम 90.0 की टीम कोर्डिनेटर श्रीमती नीलम वर्मा के नेतृत्व में टी.बी. के मरीजों से बातचीत की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सी.एम.ओ) डॉक्टर कौशलेंद्र, रामा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार, उपप्राचार्य डॉ. रवीश कुमार, नीलम वर्मा, रचना चौधरी, रूचि शर्मा ने किरतपुर सामुदायिक केंद्र में पोषाहार पोटली का वितरण किया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी (डी.टी.ओ) डॉक्टर अनिल कुमार और डॉक्टर राजीव कुमार, डॉक्टर अरविन्द कुमार उपस्थित रहे। जनता को टी.बी. नामक भयंकर बीमारी के प्रति जागरूक करने एवं पोषाहार पोटली वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में रचना चौधरी, रूचि शर्मा, अरुण कुमार, योगेश राजपूत, अभिषेक राजपूत आदि का विशेष सहयोग रहा, जबकि मीडिया कवरेज का कार्य मौहम्मद उमर खान द्वारा किया गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर चांदपुर में हुआ कन्या पूजन



**चांदपुर ( चिंगारी )। सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज चांदपुर में कन्या पूजन व दुर्गा अष्टमी का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार द्वारा मां सरस्वती व मां दुर्गा जी के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। इसके उपरांत नौ देवी के स्वरूप में आई हुई कन्याओं का तिलक एवं पुष्पार्चन करते हुए कन्या पूजन किया गया और विद्यालय के समस्त आचार्य बंधुओं व आचार्या बहनों ने भी नौ देवी के स्वरूप में आई हुई कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।**

# रेडक्रास सोसायटी मई में आयोजित करेगी दिव्यांग शिविर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय रेडक्रास सोसाइटी जनपद बिजनौर की बैठक विदुर सभागार में जिलाधिकारी व सोसायटी अध्यक्ष जसजीत कौर की अध्यक्षता व योगेन्द्रपाल सिंह योगी मीडिया प्रभारी के संचालन में सम्पन्न हुई, जिसमें 8 से 10 मई तक एक वृहद दिव्यांग शिविर, दिव्यांग विभाग के सहयोग से रेडक्रास सोसायटी बिजनौर द्वारा लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अप्रैल में किरतपुर विकास खण्ड में एक स्वास्थ्य शिविर लगाये जाने पर सहमति जिलाधिकारी द्वारा दी गई।

समिति की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व सभापति रेडक्रास सोसायटी उत्तर प्रदेश ब्रिजेश पाठक द्वारा जारी किए गए निर्देशों के क्रम में अभियान चलाकर जनपद के सभी नर्सिंग होम व औद्योगिक इकाइयों को संस्थागत सदस्य बनाया जायेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र औद्योगिक इकाइयों की बैठक आयोजित कर सदस्य बनाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा दिए गए।



चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर द्वारा अवगत कराया गया कि काफी कालेजों द्वारा रेडक्रास सोसायटी का अंशदान अभी तक जमा नहीं किया गया है या कम जमा किया गया है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि यथाशीघ्र सभी प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित कर अंशदान जमा करायें। बैठक में डा. देवेन्द्र कुमार उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र अमित कुमार सिंह, जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह, श्रीमती रचना कपूर, डा. सुबोधचन्द्र शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत गोबिंद दास व सलिल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# यााददाश्त, मजबूत बाल और चमकदार स्किन चाहिए तो अखरोट खाइये !

## यह हड्डियों को मजबूत बनाने के साथ कब्ज से बचाता है

**अखरोट को ब्रेन फूड कहा जाता है, क्योंकि इसमें विटामिन-ई समेत कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो दिमाग को दुरुस्त रखते हैं। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च कहती है, अखरोट खाने से याददाश्त और एकाग्रता बढ़ती है। यह 26 फीसदी तक डिप्रेशन भी घटाता है। इसमें फायबर होने के कारण पेट से जुड़े रोग जैसे कब्ज से भी राहत देता है। जानिए दिमाग को सेहतमंद रखने वाला अखरोट कितनी तरह से फायदा पहुंचाता है-**



**1. ब्रेन :-** मेमोरी को बढ़ाने के साथ नर्वस सिस्टम के लिए फायदेमंद अखरोट में ओमेगा-3 फैट मौजूद होता है। यह गुड फैट है जो हृदय के साथ दिमाग के लिए भी फायदेमंद है। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर चीजें खाने से याद्दाश्त में सुधार होता है और नर्वस सिस्टम बेहतर काम करता है।

**2. बाल :** - लम्बे और मजबूत बाल चाहिएं तो अखरोट खाएं। अखरोट में पोटैशियम, ओमेगा-3, ओमेगा-6 और ओमेगा-9 होता है। ये सभी पोषक तत्व बालों के लिए काफी जरूरी होते हैं। रेग्युलर अखरोट खाते हैं तो बाल लंबे और मजबूत होते हैं। बालों की चमक में भी इजाफा होता है।

**3. स्किन :-** त्वचा की चमक बढ़ाता है। अखरोट में एंटीऑक्सीडेंट के साथ ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्किन को चमकदार बनाते हैं। अखरोट में प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, फॉस्फोरस, कॉपर, सेलेनियम, ओमेगा-3 फैटी ऐसिड जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं।

**4. हड्डियों :** - बोन्स को स्ट्रॉन्ग बनाकर ऑस्टियोपोरोसिस से रोकता है, इसमें अल्फा-लिनोलेनिक एसिड, फॉस्फोरस और कैल्शियम पाया जाता है जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके अलावा यह हड्डियों में ऑस्टियोपोरोसिस होने से रोकता है, साथ ही कॉपर बोन मिनरल डेन्सिटी को बनाए रखता है। अखरोट में मौजूद ओमेगा-3 फैटी ऐसिड शरीर में सूजन को भी दूर करता है।

**5. वेटलॉस :** - यह वजन घटाने में मदद करता है। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन के मुताबिक, वजन को कंट्रोल करने में भी मदद करता है। अधिक कैलोरी होने के बावजूद यह भूख को कंट्रोल करता है। फायबर होने के कारण यह वेटलॉस करने वालों के लिए फायदेमंद है।

**6. डायबिटीज :-** यह ब्लड शुगर कंट्रोल करता है बीजिंग में हुई रिसर्च कहती है, अखरोट में एंटी-डायबिटिक खूबी भी है, रक्त में ब्लड शुगर की मात्रा को कम करता है। इससे डायबिटीज के रोगियों को राहत मिल सकती है।

## अखरोट को भिगोकर या सलाद में डालकर खायें

### इसे खाने से दिमाग की ताकत बढ़ती है, यह वजन कम करने में मदद करता है

**अखरोट खाने से दिमाग़ तेज़ होता है, ये तो हम सभी ने सुना है, पर इसका सेवन करने के और भी कई फ़ायदे हैं, जिन्हें हम कम ही जानते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि अखरोट वज़न घटाने और दिल की बीमारियों से लड़ने में भी मददगार है। आइए जानें इसके अन्य फ़ायदों के बारे में।**





**ओमेगा 3 का स्रोत:-** अखरोट ओमेगा 3 का अच्छा स्रोत है और यह दिल की बीमारियों और टाइप 2 शुगर को कम करने में मदद करता है। इसका रोज़ सेवन उन पुरुषों और महिलाओं के लिए फ़ायदेमंद है, जो नियमित रूप से शारीरिक और मानसिक कार्य करते हैं और बढ़ती उम्र में हैं।

**वज़न कम करे:-** अखरोट कैलोरी से भरपूर होते हैं। एक मोटापा ग्रस्त व्यक्ति जो पांच दिनों या उससे अधिक समय के लिए अच्छी मात्रा में अखरोट खाता है उसकी भूख समय के साथ सीमित हो जाती है, और स्वास्थ्य भी सुधरता है।

**कैंसर का ख़तरा घटाता है:-** अखरोट में पॉलीफेनोल्स नामक तत्व मौजूद होता है। स्तन कैंसर, प्रोस्टेट और कोलोरेक्टल कैंसर से बचाव करता है।

**मस्तिष्क की गतिविधि बढ़ाए:-** अखरोट का सेवन करने का एक और लाभ यह है कि यह मस्तिष्क की कोशिकाओं को बेहतर बनाने में मदद करता है, जो दिमाग़ को तेज़ी से कार्य करने में मदद करती है, यह याद्दाश्त बढ़ाने में भी मददगार होता है।

### कैसे करें सेवन

**❍ भिगोकर खाएं:-** अखरोट को रातभर पानी में भिगो दें। सुबह उठकर इसका सेवन करें। रोज़ाना भीगे हुए अखरोट खाने से शुगर और वज़न कम करने में भी मदद मिलती है।

**❍ चटनी बनाएं:-** अखरोट की चटनी बना सकते हैं। भुने हुए अखरोट, अदरक, लहसुन, नींबू का रस, तेल, नमक, काली मिर्च डालकर चटनी बनाएं। इसे पराठे या रोटी के साथ भी खा सकते हैं।

**❍ सलाद :-** हम सभी जानते हैं कि सलाद हरी सब्ज़ियों और कुछ नट्स से भरा होता है। अखरोट का सलाद बनाने के लिए इसके साथ सेब, किशमिश, ककड़ी, शहद की जरूरत होती है। इन सामग्रियों को अच्छे से मिलाएं और इस सलाद को दोपहर के भोजन या रात के खाने में खाएं।

# सुबह खाली पेट अंजीर खायें, कब्ज दूर करें, इम्यूनिटी बढ़ाएं!

**1 खाली पेट अंजीर खाने के फायदे:-** अंजीर सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं। ये प्रोटीन, फाइबर, विटामिन ए और विटामिन बी का अच्छा सोर्स हैं। अंजीर एंटीऑक्सीडेंट से भी भरपूर है। खाली पेट अंजीर खाने से कई स्वास्थ्य समस्याएं दूर होती हैं। अंजीर खाने से कब्ज की समस्या दूर होती है, शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। खाली पेट अंजीर खाने से वजन भी कंट्रोल में रहता है।

**2 कब्ज की समस्या दूर करे:-** अंजीर पेट के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, ये कब्ज की समस्या को दूर करने का काम करता है। फाइबर पाचन में सुधार करता है, इससे गैस, एसिडिटी और अपच की समस्या से भी राहत मिलती है।

**3 वजन कम करे:-** वजन कम करने वाले लोगों के लिए सुबह खाली पेट अंजीर खाना अधिक लाभकारी होता है। अंजीर में फाइबर होता है, इससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती और वजन कम करने में मदद मिलती है। मोटापे से परेशान लोग इसे अपनी मॉर्निंग डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**4 हार्ट हेल्थ में फायदेमंद:-** अंजीर ब्लड प्रेशर और ब्लड फैट लेवल को ठीक रखने में मदद करता है, जो दिल की बीमारियों से बचाने में भी मददगार है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के मुताबिक, अंजीर को डाइट का हिस्सा बनाने से दिल की बीमारियों का खतरा कम किया जा सकता है।

**5 सिर दर्द में राहत:-** सिर दर्द की समस्या में अंजीर जादू की तरह काम कर सकता है। आयुर्वेद के अनुसार, सिरदर्द होने पर अंजीर के पेड़ की छाल को पीसकर उसका सिर पर लेप करने से सिरदर्द में जल्द राहत मिलती है।

**6 बालों और स्किन के लिए लाभदायक:-** बालों और स्किन को स्वस्थ बनाए रखने के लिए हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल दोनों जरूरी हैं। अंजीर में आयरन की मात्रा अधिक पाई जाती है, जो त्वचा और बाल दोनों के लिए लाभदायक है।



**7 पोषक तत्वों का अवशोषण:-** अंजीर पोषक तत्वों से भरपूर है। इसके सभी फायदे प्राप्त करने के लिए इसे सुबह खाना फायदेमंद माना जाता है। खाली पेट अंजीर खाने से शरीर इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन को पूरी तरह से अवशोषित कर लेता है।

**8 ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखे:-** अंजीर ब्लड प्रेशर के लिए काफी फायदेमंद है। अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, पोटैशियम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है और हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करता है। लेकिन अगर आपको ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है, तो डॉक्टर की सलाह पर ही अंजीर का सेवन करें।

**9 हड्डियां मजबूत बनाए:-** अंजीर में कैल्शियम पाया जाता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। अगर हड्डियों में अक्सर दर्द रहता है, तो आपको अंजीर का सेवन जरूर करना चाहिए।

**10 एनर्जी से भरपूर अंजीर:-** अंजीर पोषक तत्वों से भरपूर है। इसमें कार्बोहाइड्रेट होता है, इसलिए इसके सेवन से आप हमेशा ऊर्जावान रह सकते हैं। अंजीर और दूध का साथ में सेवन करने से आपको एनर्जी मिलेगी। आप चाहें तो सुबह खाली पेट भी अंजीर खा सकते हैं, इससे आप पूरे दिनभर एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

### 11 अंजीर खाने का सही तरीका

भिगोए हुए अंजीर खाना स्वास्थ्य के लिए अधिक लाभकारी है। इसके लिए आधे कप पानी में 2-3 सूखे अंजीर भिगोकर रख दें। सुबह खाली पेट इनका सेवन करें। आप चाहें तो इसके साथ बादाम, किशमिश या अखरोट को भिगोकर खा सकते हैं।

### एक दिन में कितने अंजीर खाने चाहिए

अंजीर सेहत के लिए फायदेमंद है। इसमें कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत को कई परेशानी से बचा सकते हैं। सेहतमंद व्यक्ति को दिन में दो या तीन अंजीर का सेवन करना चाहिए।

# समग्र विद्यालय मुबारकपुर तालन में 'नवआरंभ उत्सव' का आयोजन

**हल्दौर (चिंगारी)। विकास खंड हल्दौर के समग्र विद्यालय मुबारकपुर तालन में शासन के निर्देशानुसार 'नवआरंभ उत्सव' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बाल वाटिका एवं प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण बना रहा। अभिभावकों को बाल वाटिका की गतिविधियों, नामांकन प्रक्रिया एवं विद्यालय में उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं से अवगत कराया गया।



नवआरंभ उत्सव कार्यक्रम में स्कूली बच्ची का फूल और उपहार देकर स्वागत करतीं शिक्षिका अल्फिया अफजाल

प्रधानाध्यापिका श्रीमती मुजाहिदा खानम ने बताया कि नवआरंभ उत्सव का उद्देश्य छोटे बच्चों को विद्यालय से जोड़ना तथा उन्हें प्रारंभिक शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। इस प्रकार के कार्यक्रम से अभिभावकों में जागरूकता बढ़ती है और नामांकन में वृद्धि होती है। शिक्षिका अल्फिया अफजाल ने बताया कि बाल वाटिका में बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा प्रदान की जाती है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है और वे विद्यालय के वातावरण से आसानी से जुड़ जाते हैं। यह कार्यक्रम शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना एवं अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में श्रीमती मुजाहिदा खानम, असमा बेबी, शहजादी, विपिन कुमार, आरेंद्र कुमार, अल्फिया अफजाल, सिदरा सगीर, प्रियंका वर्मा, मंजू प्रजापति, सविता, रीता आदि शिक्षकगण एवं कोहिनूर जहां, नईमा, रुकसाना आदि अभिभावक उपस्थित रहे।

# दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा.. रविशंकर मोनू को श्रद्धांजलि दी



**बिजनौर (चिंगारी)।** गायक रविशंकर मोनू की पुण्यतिथि पर गायकों ने गीत गाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और मोनू को याद किया। निर्माता निर्देशक आलोक गोविल के अनुसार उनके छोटे भाई रविशंकर मोनू ने बॉलीवुड फिल्मों में भी गीत गाए थे। 25 मार्च को मोनू के जन्मदिन पर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन रे फिल्म्स के कार्यालय पर किया गया, जिसका संचालन के.के. रंजन ने किया। कार्यक्रम में प्रदीप उर्फ मुन्ना ने 'जिंदगी प्यार का गीत है', आलोक गोविल ने 'जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे', के. के. रंजन ने 'दिल का सुना साज़ तराना ढूंढेगा, मुझको मेरे बाद ज़माना ढूंढेगा', सोनू ने जाने चले जाते हैं कहां.., स्वाति ने हम थे जिसके सहारे वो हुए न हमारे ने गीत गाकर मोनू को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मनोज शर्मा, तर्क मसरूर, उमेश, रमेश, प्रवेश, अशोक आर्य ने मोनू से जुड़े संस्करण सुनाकर मोनू की याद ताजा कर दी।

## मानव सचदेवा को सम्मानित किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उ.प्र. बिजनौर के युवा जिलाध्यक्ष मानव सचदेवा को नगर पालिका बिजनौर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित सभासद मनोनीत होने पर व्यापार मंडल की कोतवाली शाखा के अध्यक्ष वीरपाल, एड. जावेद जिया, बबलू कुरैशी, लईक अहमद, अमीनुद्दीन सर्राफ आदि पदाधिकारियों के साथ मानव सचदेवा के निवास पर पहुंचकर माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिले व नगर के पदाधिकारी मुनीश त्यागी, बी.एस. राजपूत, सचिन राजपूत, अरविंदपाल सिंह, चिराग सेठी, संजीव गुप्ता, अक्षय कुमार, मनोज बालियान, शमशेर आलम आदि उपस्थित रहे।

## अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने दुर्गा मां की स्तुति कर आशीर्वाद लिया




हल्दौर (चिंगारी)। धूलिया महादेव मंदिर हल्दौर पर चैत्र अष्टमी पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने देवी दुर्गा जी की स्तुति कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंदिर पर नगर और क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने जहां मंदिर में पूजा अर्चना की वहीं मंदिर प्रांगण में लगे मेले का भी आनंद लिया। मेले की व्यवस्था में मंदिर कमेटी के साथ साथ स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। जिसमें जितेन्द्र कुमार मारवाड़ी, सुधीर कुमार, डॉ यश चंद्रा, के के चंद्रा, ललित कुमार, शिवम वर्मा, भानु प्रताप, शशांक कौशिक, दीप राजपूत, अंश चौहान, आर्यन चौहान, अर्पित रस्तोगी, प्रतीक कुमार, प्रिंस वर्मा, स्पर्श वर्मा, नीरज गोस्वामी, गौतम प्रजापति,अमित, शुभम चौहान आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मंडावर में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## पुलिस मान रही रोड एक्सीडेंट

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**बिजनौर (चिंगारी)।** मंडावर क्षेत्र में 19 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अमित पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम मोहंडिया के रूप में हुई है। घटना मंडावर-मोहंडिया मार्ग की है। बाइक सवार अमित का शव गांव से करीब 500 मीटर की दूरी पर पड़ा मिला। पुलिस का कहना है कि अमित बाइक से था। उसकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार अमित ने इंटरमीडिएट तक पढ़ाई की थी, वह दिल्ली में रंग-पुताई का काम करता था, वह पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। बताया जाता है कि घटना वाली शाम वह खाना खाने के बाद घर से घेर में सोने के लिए गया था, लेकिन बाद में उसका शव संदिग्ध हालात में मिला। घटना को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सार्वजनिक शौचालय बदहाल, राहगीर व रिक्शा चालक परेशान

बिजनौर (चिंगारी)। शहर में बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। साफ-सफाई और रखरखाव के अभाव में ये शौचालय अब लोगों के लिए सुविधा के बजाये परेशानी का कारण बन गए हैं। खासकर मुसाफिरों और रिक्शा चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार की मंशा थी कि शहर में जगह-जगह सारजनिक शौचालय बनवाकर लोगों को खुले में शौच व लघुशंका से रोका जाए, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। फरीद अहमद ने चेयरमैन रहते हुए शहर के जानी के चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया था, जिसमें महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए भी अलग से सुविधा दी गई थी,लेकिन वर्तमान में इस शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। यहां तीन दरवाजे टूटे हुए हैं और अंदर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शौचालय की नियमित सफाई नहीं होती, जिससे वहां बदबू और अस्वच्छता बनी रहती है। हैरानी की बात यह है कि पास में पुलिस बूथ होने के बावजूद



इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

इसी तरह शहर के अन्य सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति भी दयनीय बनी हुई है। रामलीला क्षेत्र का सार्वजानिक शौचालय भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां हर सप्ताह बाजार लगता है, जिससे लोगों की आवाजाही अधिक रहती है, लेकिन सुविधाएं नदारद हैं। स्थानीय नागरिकों और रिक्शा चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन शौचालयों की मरम्मत कराई जाए और नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# मोबाइल फोन को लात मारने पर दो पक्षों में बवाल, एक युवक गम्भीर घायल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम कामराजपुर में रास्ते में गिरे मोबाइल में लात मारने को लेकर गत रात्रि अलग-अलग सम्प्रदाय के लोगों में झगड़ा हो गया। आरोप है कि काफी लोगों ने पीछा करके दो युवकों को पकड़कर पीट दिया। एक युवक गंभीर रूप से घायल बताया जाता है, जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। नांगल थानांतर्गत ग्राम कामराजपुर निवासी दो युवक सुमित पुत्र कलीराम तथा शिवम पुत्र राजेश बीती देर शाम बाइक से अपने घर जा रहे थे। गांव में ही सुमित का मोबाइल जेब से निकलकर रास्ते में गिर गया। पीछे से आ रहे नईम पुत्र खालिक ने उस मोबाइल में लात मार दी। नईम का कहना है कि उसने यह देखने को लात मारी थी कि यह मोबाइल है या मोबाइल का कवर, जबकि सुमित पक्ष का कहना है कि नईम ने जान-बूझकर मोबाइल में लात मारी थी। इस बात को लेकर उनमें मारपीट हो गई। उसके बाद कई मुस्लिम इकट्ठे होकर सुमित के घर पर पहुंच गये। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि वे सुमित से मारपीट के सम्बन्ध में बात करने गये थे, जबकि सुमित के पिता का कहना है कि उन्होने घर पर आकर मारपीट की। मुस्लिम पक्ष ने सुमित पर पत्थर फेंकने का आरोप लगाया। कलीराम का आरोप है कि रात्रि में जब वे लोग थाने आये हुए थे, तो मुस्लिम समाज के काफी व्यक्तियों ने सुमित व शिवम का पीछा करके मोहम्मद अलीपुर द्वारका के रास्ते पर पकड़ लिया और उनके साथ मारपीट की। मारपीट में सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कलीराम का कहना है कि उसके मुंह पर 20 टांके आये हैं तथा वह गंभीर रूप से घायल है। जबकि शिवम का गांव के ही चिकित्सक से उपचार कराया गया। उधर मुस्लिम पक्ष का कहना है कि मौ. आमिर पुत्र नाजिम का सिर पत्थर लगने से फूट गया है। पुलिस ने कई व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर का कहना है कि सुमित पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


जिला अस्पताल में भर्ती सुमित

# खूनी संघर्ष में युवक की मौत के मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** खूनी संघर्ष में हुई युवक की मृत्यु के प्रकरण में पुलिस ने दो और आरोपियों (पिता-पुत्र) को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इस प्रकरण में पुलिस दो आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। ज्ञातव्य है कि ग्राम शहजादपुर निवासी सगे भाइयों पप्पू, महेन्द्र एवं जयपाल के परिवारों में विगत 19 मार्च को खेत की मेंढ काटने को लेकर शुरू हुए विवाद में खूनी संघर्ष हो गया था। दोनों ओर से जमकर लठ चले थे, जिसमें कई व्यक्ति घायल हो गये थे। सिर पर कई लाठियां लगने से गंभीर रूप से घायल हुए मोनू पुत्र पप्पू की 22 मार्च की रात्रि में एम्स, ऋषिकेश में मृत्यु हो गई थी। युवक की मृत्यु के बाद पुलिस ने सोनू पुत्र पप्पू द्वारा अपने ताऊ महेन्द्र, चाचा जयपाल, तयेरे भाइयों कोमल व यशपाल उर्फ टिंकू तथा चचेरे भाई लाल सिंह के विरुद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में दर्ज कराये गये मुकदमे को हत्या में तरमीम कर दिया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि दो नामजद आरोपियों महेन्द्र तथा उसके पुत्र यशपाल उर्फ टिंकू को जिला अस्पताल से गिरफ्तार करके न्यायालय के आदेश पर आज जेल भेज दिया गया है। उनसे घटना में प्रयुक्त दो डंडे बरामद हुए हैं। ज्ञातव्य है कि जेल भेजे गये पिता-पुत्र भी संघर्ष में घायल होने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती थे, जबकि महेन्द्र की पत्नी भगवती का मेरठ में उपचार चल रहा बताते हैं। इस प्रकरण में दो आरोपियों जयपाल तथा कोमल (चाचा-भतीजा) को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।


आरोपी पिता-पुत्र

## डायट में हुआ प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान इस्माईलपुर बिजनौर में एससीईआरटी लखनऊ द्वारा प्रेषित निर्देशों के क्रम में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित प्रशिक्षु शिक्षकों को रोजगार के अवसर प्रदान करने एवं विद्यालयों को प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध कराने हेतु एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित डायट प्राचार्य महावीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में जनपद के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों एवं डायट व निजी महाविद्यालयों से प्रशिक्षण प्राप्त डीएलएड, बीएड, यूपी टेट, सी टेट उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

## मुबारकपुर तालन मे वॉलीबाल टूर्नामेंट आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम मुबारकपुर तालन में वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसके संयोजक मौ. आबिद ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी द्वारा किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि राहुल वर्मा व्यापारी एकता परिषद प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार जिला मंत्री व नईम अहमद अंसारी जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ आदि रहे। मौ. जुबैर टीम लीडर, मो दानिश महरान, मौ. साजिद, इरफ़ान, मौ. वासिद एडवोकेट, मो. रिहान टीम लीडर, साहिल शुएब, मुजाहिद, आरिफ, शाहबाज़ फरमान, आरिफ टीम लीडर सलीम इमरान, दानिश फ़ईम, कार्तिक, शुभम, भूपेंद्र, प्राशु, निशब, मुज़्ज़सिम, सलमान, तनवीर, शारीम, फरहान, शारिक, अदनान, अयान, मुरसलीन आदि ग्रामवासी यासीन मौसम, नफीस फखरुद्दीन फुरकान, विक्की, रजत, जाहिद, आबिद, शाहरुख, अबरार, साजिद, मकसूद, हाजी सद्दाम, नबील मुनीर, धर्मेन्द्र, साकेत आदि खिलाड़ी उपस्थित रहे।



## 2 दिन पूर्व चोरी हुई छात्र की बाइक बरामद

### आरोपी साजन व हरपाल भी गिरफ्तार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ग्राम इमरतपुर निवासी अभिषेक कुमार पुत्र अशोक कुमार बादीगढ़ में स्टेट बैंक के पीछे स्थित लाइब्रेरी में पढ़ता है। वह मंगलवार को लाइब्रेरी आया और प्रतिदिन की भांति बाइक बाहर खड़ी कर लाइब्रेरी में पढ़ने लगा। अभिषेक ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि जब उसने दोपहर लगभग 2-3 बजे लाइब्रेरी के बाहर निकलकर देखा तो बाइक गायब थी। आसपास छानबीन की मगर कुछ पता नहीं चला। अभिषेक की तहरीर पर रेहड़ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक की खोजबीन शुरू की। अभिषेक ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाते हुए पुलिस को यह भी बताया कि लाइब्रेरी के पास खड़े भांग मलते दिखाई दे रहे दो युवकों पर उसे बाइक चोरी का शक है। मुकदमे के आईओ एसआई सोनू कुमार ने बताया कि दो अभियुक्तों ग्राम दहलावाला निवासी साजन पुत्र हुलसन सिंह व राजीव पुत्र हरपाल को चोरी हुई बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा का कहना है कि दोनों आरोपियों का चालान किया गया है।

# बिना अनुमति वन विभाग कर रहा निर्माण, पीडब्ल्यूडी मौन


वन विभाग की चौकी पर होता निर्माण कार्य

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पीडब्ल्यूडी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये बिना ही वन विभाग ने सड़क किनारें निर्माण कार्य शुरू कर दिया । जिसके बाद नगर के लोगों मे चर्चा शुरू हो गयी है कि कोई आम आदमी अपना निर्माण कार्य करता है तो पीडब्ल्यूडी के अधिकारी काम यह कह कर रूकवाते है कि अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए बिना कोई निर्माण कार्य नही कर सकते है, लेकिन नगर के समीप बनी वन चौकी पर सड़क किनारे ही निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के ए.ई मोहनचंद पांडे का कहना है कि वन विभाग द्वारा निर्माण की कोई जानकारी नही हैं, जेई से बात करता हूं। निर्माण के लिए कोई भी अनापत्ति प्रमाण पत्र नही लिया गया है । मामले की पूर्ण जानकारी होने पर आगे कुछ बता पाउगा।

# विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**नहटौर ( चिंगारी )।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने परिणाम घोषित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अजय कुमार जैन, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, संभाग निरीक्षक उपेंद्र कुमार शर्मा, भूतपूर्व प्रधानाचार्य चरण सिंह शर्मा, केशव शरण शर्मा एवं बलराम कुंवर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम सिंह नेगी, विनेशपाल सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया। वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा षष्ठ की छात्रा प्रियांशी,सप्तम के छात्र आदित्य भटनागर, आयुष सैनी, अष्टम के छात्र सक्षम, अंशिका एवं नवम के छात्र दीक्षित सैनी, ओम शर्मा, अंश कुमार, ऋषभ कुमार ,अवनीश कुमार, अभय दुबे, रिया एंजेल, शिवांशी तथा एकादश के छात्र योगेश कुमार, कार्तिक कुमार, देव कुमार ,विवेक कुमार, सुमित कुमार, काजल सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्रा को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक टीकम सिंह के द्वारा किया गया।


बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए अतिथि।

# श्रद्धापूर्वक किया कन्या पूजन

बिजनौर ( चिंगारी )। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ कन्या पूजन कर अपने व्रत का पारायण किया। छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर आमंत्रित किया गया और पूरे आदर-सत्कार के साथ उनका पूजन किया गया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण धोकर उन्हें तिलक लगाया तथा हलवा-पूरी और चने का



भोग लगाया। पूजन के बाद कन्याओं को उपहार स्वरूप वस्त्र, फल एवं दक्षिणा भेंट की गई। कन्या पूजन के दौरान घरों में धार्मिक वातावरण बना रहा और माता रानी के जयकारों से माहौल गूंज उठा।

मंदिरों में भी भीड़ देखने को मिली, जहां श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। अष्टमी और नवमी का दिन कन्या पूजन के लिए विशेष महत्व रखता है, जिससे मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।

# जिम्मी सिंह ने लिया कन्याओं का आशीर्वाद

बिजनौर (चिंगारी)। रामबाग घेर निवासी समाजसेवी जिम्मी सिंह पत्नी अशोक चौधरी ने चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर अपने निवास पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कन्याओं को आमंत्रित कर विधि-विधान से पूजन किया और उन्हें हलवा-पूरी का भोग लगवाया। पूजन के उपरांत कन्याओं को उपहार एवं दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों में धार्मिक उत्साह देखा गया और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।



# अष्टमी पर कन्याओं की तलाश में भटके श्रद्धालु

स्योहारा ( चिंगारी )। चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर माता के भक्तों के द्वारा आज कन्या पूजन किया गया। इस मौके पर सुबह से ही कन्याओं की तलाश शुरू कर दी गई थी। एक स्थान पर कन्या भोजन कर रही थीं, तो दूसरे परिवार के लोग कन्याओं को आमंत्रित करने के लिए बाहर खड़े हुए थे। आज सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई। भक्तों ने मां दुर्गा के नौ रूपों का विधि-विधान से पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया। भक्तों ने कन्याओं के पैर धोकर उन्हें चुनरी ओढ़ाई, माथे पर तिलक लगाया और स्वादिष्ट भोजन जैसे हलवा, पूड़ी और चने का प्रसाद खिलाया और साथ ही उपहार, दक्षिणा देकर उनके चरण छूकर उनका आशीर्वाद लिया। नगर के मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी और भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। धार्मिक मान्यता के अनुसार अष्टमी के दिन कन्या पूजन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और घर में सुख-शांति तथा समृद्धि का वास होता है।



**देवी माता के रूप में कन्याओं का पूजन कर प्रसाद खिलाते हुए**

# मर्यादा, आस्था और आदर्श जीवन का संदेश

## रामनवमी

-सौरभ वार्ष्णेय



**भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी।**
**हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥**

यह चौपाई सुनते ही मन भी राममय हो जाता है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में त्यौहार केवल उत्सव नहीं होते, बल्कि वे जीवन जीने की दिशा भी देते हैं। ऐसा ही एक पावन पर्व है राम नवमी, जो भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 में भी यह पर्व लोगों के जीवन में आस्था, संयम और आदर्शों की नई ऊर्जा लेकर आएगा। राम नवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। यह वही दिन है जब अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान राम का जन्म हुआ था। राम केवल एक देवता ही नहीं, बल्कि आदर्श पुत्र, आदर्श राजा और आदर्श मानव के रूप में भी पूजे जाते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। आज के बदलते सामाजिक परिदृश्य में राम के आदर्श और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। जब समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास दिखाई देता है, तब राम का जीवन हमें मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की याद दिलाता है।

राम ने अपने पिता के वचन को निभाने के लिए 14 वर्षों का वनवास स्वीकार किया, जो आज के समय में कर्तव्य और परिवार के प्रति समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है। राम नवमी के अवसर पर देशभर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होती है। भक्तजन व्रत रखते हैं, रामचरितमानस का पाठ करते हैं और भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान राम का गुणगान करते हैं। अयोध्या सहित अनेक स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जाती हैं, जो इस पर्व की भव्यता को और बढ़ा देती हैं। यह पर्व हमें केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रखता, बल्कि एक बेहतर समाज के निर्माण की प्रेरणा भी देता है। रामराज्य की कल्पना- जहां न्याय, समानता और सुख-शांति हो, आज भी हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार बनी हुई है। राम नवमी हमें यह संदेश देती है कि सच्चाई, धैर्य और मर्यादा के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।



यदि हम भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सुधरेगा, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

**रामनवमी :** जीवन जीने की दिशा भी भारत की सांस्कृतिक परंपरा में राम नवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा भी है। यह दिन भगवान राम के जन्म का प्रतीक है, जिन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है-अर्थात मर्यादा, नैतिकता और आदर्श जीवन के सर्वोच्च उदाहरण।

### आदर्शों से भरा जीवन

रामनवमी हमें सिखाती है कि जीवन केवल सफलता या सत्ता पाने का नाम नहीं है, बल्कि अपने कर्तव्यों और मूल्यों को निभाने का नाम है। भगवान राम ने हर परिस्थिति में सत्य, धर्म और कर्तव्य को सर्वोपरि रखा, चाहे वह वनवास हो, परिवार के प्रति जिम्मेदारी हो या प्रजा के प्रति कर्तव्य।

### संतुलन और संयम का संदेश

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में जहां स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, राम का जीवन संयम और संतुलन का संदेश देता है। उन्होंने क्रोध, अहंकार और लोभ पर नियंत्रण रखते हुए जीवन जिया- जो आज भी हर व्यक्ति के लिए मार्गदर्शक है।

### रिश्तों की मर्यादा

रामनवमी हमें यह भी सिखाती है कि रिश्तों की गरिमा बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है। राम ने पुत्र, भाई, पति और राजा- हर भूमिका में आदर्श स्थापित किया। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि संबंध केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी होते हैं।

### संघर्ष में भी धैर्य

जीवन में कठिनाइयां आना स्वाभाविक है, लेकिन राम का जीवन बताता है कि धैर्य और सकारात्मक सोच से हर संकट को पार किया जा सकता है। विपरीत परिस्थितियों में भी अपने मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए।

### आज के संदर्भ में रामनवमी

आज के समय में रामनवमी केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, सहनशीलता और न्याय ये सभी गुण हमें बेहतर इंसान और बेहतर समाज बनाने में मदद करते हैं। रामनवमी हमें याद दिलाती है कि सच्चा उत्सव केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन में है। जब हम भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हैं, तभी यह पर्व वास्तव में सार्थक होता है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, समाचार-पत्र व पत्रिकाओं में समसामायिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक है।**

# डेंटल कमीशन में नियुक्ति के बाद कुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**देहरादून ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय डेंटल कमीशन (एनडीसी) के डेंटल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड में पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त होने के उपरांत हल्दौर निवासी रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन ने उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) से शिष्टाचार भेंट की।



राजभवन में आयोजित इस औपचारिक मुलाकात के दौरान डॉ. ऐरन ने अपनी नवीन नियुक्ति की जानकारी राज्यपाल को दी। यह भेंट पूर्णतः प्रोटोकॉल एवं शिष्टाचार के अनुरूप सम्पन्न हुई, जिसमें दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में विचार-विमर्श हुआ। राज्यपाल ने डॉ. ऐरन को राष्ट्रीय डेंटल कमीशन जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में मिली जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि उत्तराखंड के लिए भी गौरव का विषय है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि डॉ. ऐरन अपने अनुभव और दक्षता के बल पर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करेंगे।

डॉ. हिमांशु ऐरन ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे इस महत्वपूर्ण दायित्व को पूरी प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे तथा देश में डेंटल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में डॉ. ऐरन की नियुक्ति राष्ट्रीय डेंटल कमीशन के शीर्ष बोर्ड में हुई है, जिसे देश में डेंटल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी कदम माना जा रहा है।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से लौटे छात्रों को महाविद्यालय में किया सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** योग नगरी ऋषिकेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संबंधी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लौटे राजकीय महाविद्यालय के छात्रों को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. डॉ. डी.एस. नेगी ने प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों में सहभागिता से नई सीख प्राप्त होती है, जिसे जीवन अपनाकर विद्यार्थी स्वयं के साथ समाज के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकते हैं। योग प्रशिक्षक डॉ. अनुपम कोठारी ने कहा कि सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के डॉ. संदीप किमोठी, आयुशी शर्मा, ज्योति, निकिथा, पारस पंत और मंजीत सिंह सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नशा तस्करों को गांजा बेचने वाला रामनगर में पुलिस के हत्थे चढ़ा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने पूर्व में नशा तस्करों को गांजा बेचने वाले फरार आरोपी को रामनगर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 मार्च 2026 को पुलिस द्वारा लैंसडाउन क्षेत्र में चैकिंग के दौरान दो संदिग्ध वाहनों से 89.81 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। तब पुलिस ने वाहन चालक यशवंत सिंह व लव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को भी सीज कर दिया था। उसके बाद 17 मार्च 2026 को पुलिस टीम द्वारा मुख्य नशा सप्लायर को भी गिरफ्तार कर लिया गया था।

वहीं पूछताछ में आरोपियों ने इस प्रकरण में एक अन्य आरोपी रामस्वरूप नौटियाल के शामिल होने की जानकारी दी। इस पर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई थी। पुलिस टीम ने अथक प्रयास के बाद फरार आरोपी रामस्वरूप नौटियाल उर्फ रब्बू, उम्र 30 वर्ष, पुत्र जगदीश चन्द्र नौटियाल, निवासी-सारसो पोस्ट सरायखेत, जनपद अल्मोडा को मंगलवार को रामनगर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# गंगा नगर में शुरू हुआ नाले का निर्माण जल भराव की समस्या का होगा समाधान

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर निगम ने बुनियादी सुविधाओं के मद्देनजर आगामी मानसून के दौरान जल-निकासी की समस्या को दूर करने के लिए अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। महापौर द्वारा वार्ड संख्या 20, गंगा नगर में लगभग 20 लाख रुपये की धनराशि से बनने वाले नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया । इस निर्माण कार्य का मुख्य उद्देश्य आगामी मानसून और बरसात के मौसम में क्षेत्र में होने वाले जल-भराव की समस्या का स्थायी समाधान करना है। महापौर ने कहा कि गंगा नगर क्षेत्र के निवासियों को लंबे समय से जल-निकासी की समस्या के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर भारी वर्षा के दौरान गलियों में पानी भरने से स्थानीय नागरिकों का आवागमन बाधित हो जाता था जिसे देखते हुए इस परियोजना को प्राथमिकता दी गई है। महापौर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और इसे समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ताकि बरसात शुरू होने से पहले स्थानीय निवासियों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला उद्योग केन्द्र की ओर से उद्यमिता नेतृत्व कार्यशाला आयोजित

## युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला उद्योग केंद्र की ओर से कार्यालय सभागार में सरकार के चार साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत आयोजित दो दिवसीय उद्यमिता नेतृत्व कार्यशाला का समापन हो गया है। कार्यशाला के अंतिम दिन युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। युवाओं को भावी उद्यमी बताते हुए उन्हें परियोजना प्रारंभ, प्रतिस्पर्धी विश्लेषण के माध्यम से व्यवसाय की मजबूत नींव रखने के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला के दूसरे दिन विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने प्रथम सत्र में जिला उद्योग केंद्र की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही सिडकुल भूमि आवंटन, सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण मैप स्वीकृति की तकनीकी प्रक्रियाएं, वित्तीय प्रबंधन एवं जीएसटी आदि विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। अग्निशमन विभाग की ओर से औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। डिजिटल मार्केटिंग विषय पर विशेषज्ञों ने आधुनिक विपणन के प्रभावी तरीकों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। द्वितीय सत्र में उद्यान विभाग की ओर से उद्यानिकी से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सफल उद्यमियों ने अपनी सफलता के अनुभव साझा किये।

कार्यक्रम में प्रबंधक आरपी आर्य, उपासना सिंह, सिडकुल औद्योगिक निर्माता संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सचिव विवेक चौहान, वित्तीय विशेषज्ञ सुनील कुमार, सीडा के जेई भगत सिंह नेगी व सिडकुल के जेई रोहित रौतेला मौजूद रहे।

# सरकारी दावों के बावजूद नहीं मिल पा रहे गैस सिलेंडर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे पहुंचे बंद होने के कगार पर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शासन प्रशासन के गैस सिलेंडर की किल्लत नहीं होने के दावों के बाद भी क्षेत्र में लोगों को रसोई गैस सिलेंडर के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत से होटलों, रेस्टोरेंट आदि में खाना बनना कम हो रहा है, जिससे काम करने वाले मजदूर बेबस हैं। कमर्शियल गैस न मिलने के कारण उत्पादन लागत बढ़ गई है और काम बंद होने से मजदूर दूसरे काम की तलाश में भटक रहे हैं। बाहरी राज्यों से रोजी-रोटी कमाने कोटद्वार आये मजदूर गैस संकट के कारण अपने घरों की ओर वापस जाने की तैयारी करने लगे हैं। इतना ही नहीं, भवन निर्माण कार्य में लगे मजदूरों और राज मिस्त्रियों के समक्ष भी गैस संकट बड़ी चुनौती बना हुआ है। पहले ये लोग पांच किलो वाले छोटे सिलेंडर से खाना बना लेते थे। अब यह भी न मिलने के कारण वे चूल्हे पर खाना बनाने को विवश हैं। नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होटलों, रेस्टोरेंट और ढाबों पर काम करने वाले श्रमिकों के रोजगार की स्थिति डावांडोल हो रही है। एलपीजी किल्लत का सीधा असर अब खान-पान के ठेलों से लेकर होटल, रेस्टोरेंट तथा ढाबों पर भी दिखने लगा है। गैस सिलेंडर के सहारे पर चलने वाले रेस्टोरेंट अब अंगीठी और भट्ठी के भरोसे पर चलाये जा रहे हैं। इस संबंध में दिहाड़ी पर कार्य करने वाले बिहार निवासी सुनील कुमार ने बताया कि पिछले तीन दिन से वे काम पर जाने के बजाय गैस एजेंसी पर जा रहे हैं लेकिन हर बार निराशा ही मिलती है। घर में चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा है, जिसमे काम पर पहुंचने में देरी हो रही हैं। वहीं बिजनौर निवासी दिहाड़ी मजदूर सतीश ने बताया कि एजेंसी जाने पर कहा जा रहा है कि अभी बुकिंग नहीं हो रही। ऑनलाइन का हमें पता नहीं और ऑफलाइन कोई सुन नहीं रहा। दो वक्त की रोटी बनाना मुश्किल हो गया है। चाय की दुकान चलाने वाले गजेंद्र का कहना था कि चाय बनाने के लिए सिलिंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिस कारण दुकान पर काम ठप पड़ा हुआ है। जल्द गैस सिलिंडर मिलने शुरू नहीं हुए तो दुकान बंद कर गांव वापस जाना पड़ेगा।

**वहीं गैस एजेंसी संचालकों का कहना था कि वे शासन प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार ही सिलेंडरों की डिलीवरी कर रहे हैं। लोगों को भी गाइड लाइन का पालन करना चाहिए।**

# छात्र-छात्राओं को दी बेहतर कैरियर बनाने की जानकारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत राइंका झंडीचौड़ में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बेहतर कैरियर बनाने पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस की पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत ने कहा कि छात्रों को छात्र जीवन से ही कैरियर का लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए। कहा कि वर्तमान वैश्विक दौर में रोजगार के कई आयाम उपलब्ध हैं। छात्र इनका लाभ उठा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि एएचटीयू की एसआई सुमनलता ने कहा कि कड़ी मेहनत करने से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है। इसलिए छात्रों को कड़ी मेहनत से घबराना नहीं चाहिए। अंत में प्रधानाचार्य डा. सोहनलाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों से विशेषज्ञों की सलाह पर अमल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सरोजनी नेगी, सुरेश सिंह, देवेंद्र राजपूत और गणेश आर्य सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# कुंभ मेला-2027 : हरिद्वार में पुलिस-अग्निशमन कर्मियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाओं पर जोर




हरिद्वार ( चिंगारी )। उत्तराखंड के हरिद्वार में कुंभ मेला-2027 में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ ड्यूटी पर आने वाले पुलिसकर्मियों और अग्निशमन कर्मचारियों की सुविधाओं पर प्रशासन ने विशेष ध्यान दिया है। मेला के दौरान तैनात सुरक्षा एवं आपातकालीन कर्मियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधा प्रदान करने हेतु स्थायी बैरकों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। रोशनाबाद स्थित पुलिस लाइन में महिला पुलिसकर्मियों के लिए 100 बेड क्षमता की बैरक का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें सुरक्षा, स्वच्छता और आधुनिक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। इसके अलावा ऋषिकेश स्थित भद्रकाली पुलिस चौकी में भी पुलिसकर्मियों के लिए बैरक का निर्माण चल रहा है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले राशिद अलवी

## इजराइल-ईरान युद्ध को लेकर चर्चा की





बिजनौर ( चिंगारी )। पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राशिद अलवी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर कई राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही अपने पुत्र की शादी में आने का निमंत्रण भी दिया।

प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई मुलाकात में राशिद अलवी ने विशेष रूप से इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का विश्व स्तर पर तथा भारत में दुष्परिणामों पर चर्चा की। लगभग आधा घंटा की मुलाकात में राशिद अलवी ने दूसरे देशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा देश में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता आदि विषयों पर भी बात की।

श्री अलवी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने भारत के कूटनीतिक प्रयासों के बारे में बताया और कहा कि भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा तथा देश में एलपीजी व अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर बहुत गंभीर व संवेदनशील है। मुलाकात के दौरान श्री अलवी के पुत्र भी साथ रहे।




## भारत में ईंधन का कोई संकट नहीं- सरकार

नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच केन्द्र और राज्य संचालित तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पिछले 48 घंटों के दौरान पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें तेजी से फैलीं, जिससे देश के कुछ हिस्सों में लोगों में चिंताएं बढ़ी और कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। हालांकि अधिकारियों ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की ईंधन सुरक्षा मजबूत बनी हुई है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# मुख्यमंत्री योगी का बड़ा ऐलान : 136 परिवारों का पुनर्वास

## नवरात्रि तक गृह प्रवेश लक्ष्य

**बहराइच (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनपद बहराइच के भरतापुर गांव के 136 विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु एक महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया।

यह पहल नवंबर 2025 में सरयू नदी में हुए दर्दनाक नाव हादसे के बाद प्रभावित परिवारों को सुरक्षित एवं बेहतर जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि उक्त हादसे में बाजार से लौट रहे ग्रामीणों की नाव नदी में बह जाने से 9 लोगों की मृत्यु हो गई थी।

घटना के बाद उन्होंने स्वयं क्षेत्र का निरीक्षण किया, जहां की स्थिति अत्यंत दयनीय पाई गई।

उन्होंने कहा कि कई परिवार बीहड़ जंगलों में रहने को मजबूर थे, जहां जंगली जानवरों—हाथी, बाघ, तेंदुए—के साथ-साथ नदी में मगरमच्छों का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि इसी परिस्थिति को देखते हुए सरकार ने इन परिवारों के पुनर्वास का निर्णय लिया है। अब सभी प्रभावित परिवारों को मोतीपुर तहसील में बसाया जाएगा, जहां एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक कॉलोनी विकसित की जा रही है। इस कॉलोनी में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, पार्क समेत सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कॉलोनी का नाम 'भरतपुर' रखा जाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को 748 वर्गफुट भूमि का पट्टा दिया जाएगा। आवास निर्माण हेतु प्रति परिवार लगभग 17.70 लाख रुपये तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए 3.55 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने शारदीय नवरात्रि तक सभी लाभार्थियों को नए आवास में प्रवेश दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया।



## यूपी में लक्ष्य के सापेक्ष 15 करोड़ लोगों की बनी आभा आईडी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश की सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. रितु माहेश्वरी ने कहा है कि प्रदेश में 24 करोड़ आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट) आईडी बनाने का लक्ष्य है, जिसमें से लगभग 15 करोड़ आईडी बनाई जा चुकी हैं। उन्होंने अधिकारियों को आभा आईडी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, इसे हेल्थ रिकॉर्ड से जोड़ने और ओपीडी, फार्मेसी व लैब सेवाओं में इसके व्यापक उपयोग पर बल दिया है। उत्तर प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। बुधवार को लखनऊ, देवीपाटन और अयोध्या मंडल के लिए आयोजित सम्मेलन में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण को तेज करने की रणनीति पर चर्चा हुई।


**आवश्यकता है**

हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए Multihead Embroidery Machine के कुशल ऑपरेटर की आवश्यकता हैं। योग्य व्यक्ति संपर्क करें। मो- 8191819148

**आवश्यकता है**

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Pattern An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कला बिजनौर को S.S.T और English विषयों को पढ़ाने के लिए टीचर (कक्षा 6 से 10 तक) की
स्टाफ के लिए आने व जाने की फ्री सुविधा भी उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- 8394838034, 8954568123, 9359888044

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT. सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित





सांवलिया सेठ (श्याम बाबा) के दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना





"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताएें:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928